हर बच्चा एक कलाकार होता है। समस्या यह है कि बड़े होने के बाद भी वह कलाकार कैसे बना रहे।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित भोपाल, शुक्रवार 15 मई 2026 वर्ष-35 अंक-265 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



## ब्रीफ न्यूज

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया तीन दिवसीय सिक्किम दौरे पर

**सिलीगुड़ी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तीन दिन के सिक्किम दौरे पर गुरुवार शाम बागडोगरा एयरपोर्ट पहुंचें। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात में सिंधिया ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में तेजी से विकास हो रहा है और सिक्किम देश के सबसे बेहतर राज्यों में शामिल है, खासकर ऑर्गेनिक खेती के क्षेत्र में। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में सिक्किम में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें उपराष्ट्रपति भी शिरकत करेंगे। राज्य में भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार का गठन ऐतिहासिक है और यह सरकार आम लोगों के हित में काम करेगी। साथ ही उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में पश्चिम बंगाल की भी महत्वपूर्ण भूमिका होने की बात कही।

### बांसुरी केवल एक वाद्ययंत्र नहीं, हमारी श्वास है: चेतन जोशी

**नई दिल्ली।** बांसुरी वादक एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित पं. चेतन जोशी ने गुरुवार को कहा कि बांसुरी केवल एक वाद्ययंत्र नहीं, हमारी श्वास है। इसे बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। पं चेतन जोशी ने यह बात दिल्ली स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) में卐भारतीय कला, सौंदर्य शास्त्र एवं सांस्कृतिक धरोहर卐 व्याख्यानमाला के अंतर्गत भारतीय कला धरोहर ॓ बांसुरी के विशेष संदर्भ में विषय पर एक विशेष व्याख्यान के दौरान कही। यह कार्यक्रम भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्परा में बांसुरी के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और कलात्मक आयामों पर केंद्रित था।

### महाराष्ट्र विधान परिषद में दस नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

**मुंबई।** विधान परिषद के द्वि-वार्षिक चुनाव में 9 और उप-चुनाव में एक सहित कुल 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को विधान भवन के मध्यवर्ती सभागृह में सम्पन्न हुआ। विधान परिषद के सभापति राम शिंदे ने सभी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसमें भाजपा से 6, और अन्य दलों के प्रतिनिधि शामिल थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार सहित कई मंत्री उपस्थित थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस के विधायक जिशान सिद्दीकी ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। विधान परिषद की 10 सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इनमें 09 सीटों के लिए नियमित चुनाव और एक सीट के लिए उप-चुनाव घोषित किया गया था।

### आईसीएआर महानिदेशक एमएल जाट 'मारवाड़ रत्न' से सम्मानित

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर ) के सचिव डॉ एमएल जाट को मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट, मारवाड़-जोधपुर की ओर से सर्वोच्च 'राव सीहा सम्मान- मारवाड़ रत्न' से सम्मानित किया गया। जोधपुर के महाराजा गज सिंह ने डॉ. जाट को अंगवस्त्र, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, एक लाख की सम्मानित राशि एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान कृषि अनुसंधान, जलवायु अनुकूल खेती, मरुस्थलीय कृषि नवाचार और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### फाजिल्का बॉर्डर पर मिला पाकिस्तानी ड्रोन, हेरोइन तस्करी की आशंका

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए नशा और हथियार तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं, लेकिन सीमा पार से ड्रोन गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार देर रात फाजिल्का के भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार गांव चक्क बाजीदा के खेतों में ड्रोन गिरने की सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने तुरंत इलाके को सील कर संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

# देवास की पटाखा फैक्टरी में मौत का धमाका

## बारूद बनाते समय हुआ भीषण विस्फोट, आग में जिंदा जले तीन मजदूर; 25 घायल, मालिक हिरासत में






**देवास।** गुरुवार सुबह एक पटाखा फैक्टरी में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम टोंककला के पास स्थित फैक्टरी में बारूद तैयार करते समय अचानक जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 25 श्रमिक घायल बताए जा रहे हैं। कई मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के गांवों तक इसकी आवाज सुनाई दी। देखते ही देखते फैक्टरी से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं और काला धुआं आसमान में फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय फैक्टरी में बारूद तैयार करने के लिए दो केमिकल मिलाए जा रहे थे। इसी दौरान केमिकल का संतुलन बिगड़ गया और जोरदार विस्फोट हो गया।

### मजदूरों को भागने तक का मौका नहीं मिला

घटना सुबह करीब 10ः30 बजे की बताई जा रही है। विस्फोट के बाद आग इतनी तेजी से फैली कि अंदर काम कर रहे मजदूरों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। कई मजदूर आग और धुएं के बीच फंस गए। स्थानीय लोगों ने चीख-पुकार सुनकर बचाव की कोशिश की, लेकिन आग की भयावहता के कारण अंदर पहुंचना मुश्किल हो गया। सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस, दमकल और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस और अन्य वाहनों से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जिला प्रशासन ने हादसे में तीन मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों की पहचान धीरज, सनी और सुमित के रूप में हुई है।

### इंदौर रेफर किए गए गंभीर घायल

घायलों में कई मजदूर बुरी तरह झुलस गए हैं। गंभीर घायलों को टी. चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं तीन घायलों का इलाज एमवाय अस्पताल में चल रहा है। कुछ मरीजों को अरविंदो अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि करीब नौ घायलों का उपचार देवास के अमलतास अस्पताल में जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक पांच मजदूरों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

### फैक्टरी सील, मालिक हिरासत में

हादसे के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फैक्टरी को सील कर दिया। पुलिस ने फैक्टरी मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। प्रशासन अब यह जांच कर रहा है कि फैक्टरी में सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं।

ऋतुराज सिंह ने बताया कि फैक्टरी में करीब 15 दिन पहले ही छोटे पटाखों का निर्माण शुरू हुआ था और इसके लिए लाइसेंस भी जारी किया गया था। हालांकि अब पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### फोरेंसिक टीम जुटी जांच में

हादसे के बाद फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से केमिकल के नमूने और अन्य साक्ष्य एकत्र किए हैं। विशेषज्ञ तकनीकी पहलुओं की जांच कर रहे हैं ताकि विस्फोट की असली वजह सामने आ सके।

आशीष सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने देवास और इंदौर के अस्पतालों में भर्ती घायलों से मुलाकात की और डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

भीषण गर्मी के बीच हुए इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर पटाखा फैक्ट्रियों में सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब जांच रिपोर्ट से ही साफ होगा कि यह हादसा लापरवाही का नतीजा था या सुरक्षा नियमों की अनदेखी का बड़ा मामला।

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख



मोहन यादव ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इसे हृदय विदारक घटना बताते हुए उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्री, गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशासनिक टीम को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही सभी घायलों के मुफ्त इलाज के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### घायलों से मिले उप मुख्यमंत्री देवड़ा, दिये बेहतर उपचार के निर्देश



उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने इंदौर के एमवाय अस्पताल एवं चोईथराम अस्पताल पहुँचकर घायल मरीजों का हाल जाना। उन्होंने बर्न वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों को सभी घायलों के समुचित और निःशुल्क उपचार के निर्देश दिए ।उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रत्येक घायल को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# दिल्ली के सरकारी कार्यालयों में सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम, 'मेरा भारत मेरा योगदान' अभियान की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सरकार के कार्यालयों में सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम, सरकारी वाहनों के ईंधन की खपत 20 फीसदी कम करने और 'मेरा भारत मेरा योगदान' अभियान जैसी कई घोषणाएं कीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचत की अपील के मद्देनजर दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक में इससे संबंधित फैसले लिए गए।




मुख्यमंत्री ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वैश्विक स्तर पर जारी आर्थिक अस्थिरता, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, ईंधन संकट और बढ़ती आयात लागत का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। ऐसे समय में देशहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह संसाधनों की बचत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने ईंधन बचत और ट्रैफिक प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिए हैं। दिल्ली सरकार के सभी विभागों में सप्ताह में दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' व्यवस्था लागू की जाएगी। निजी कंपनियों और संस्थानों को भी अपनी सुविधा के अनुसार सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू करने की सलाह दी जा रही है। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए सिंगल विंडो हेल्प डेस्क व कॉल सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। साथ ही सरकार बड़ी कंपनियों और संस्थानों से व्यक्तिगत स्तर पर संवाद कर सहयोग सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था उन आवश्यक सेवाओं पर लागू नहीं होगी, जो सीधे जन-सुविधाओं और सार्वजनिक कार्यों से जुड़ी हैं। इनमें पब्लिक डीलिंग से संबंधित विभाग, फायर सर्विस, अस्पताल, जेल प्रशासन, सार्वजनिक परिवहन, बिजली एवं जल आपूर्ति इत्यादि जैसी आवश्यक सेवाएं शामिल हैं।

# रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, यूक्रेन और पश्चिम एशिया पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति सहित विभिन्न क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।



प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, लावरोव ने प्रधानमंत्री मोदी को दिसंबर 2025 में आयोजित 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं की बैठक के बाद से द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की जानकारी दी।

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन की स्थिति और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम समेत आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान एक बार फिर भारत के उस स्थायी रुख को दोहराया कि किसी भी विवाद के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति ही सबसे बेहतर मार्ग है।

प्रधानमंत्री ने रूसी विदेश मंत्री से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं पहुंचाने का भी अनुरोध किया।

# शिवराज के काफिले में अब होंगे सिर्फ 3 वाहन, कर्मचारियों को सार्वजनिक वाहन इस्तेमाल करने की सलाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। उन्होंने अपने वाहन के काफिले को कम करने का निर्देश दिया है। अब उनके वाहन के काफिले में तीन वाहन होंगे। गुरुवार को कृषि मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, आईसीएआर और लैंड रिसोर्से? विभाग के अधिकारियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री ने विभाग में वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने की संभावना तलाशने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने विभागीय स्तर पर दो दिन में कार्ययोजना तैयार कर अवगत कराने के निर्देश दिए। इसके साथ कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मेट्रो सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया।



मंत्रालय के अधिकारी ने जानकारी दी कि केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में मंत्रालय स्तर पर अधिकारी, कर्मचारियों से गैर-जरूरी सोने की खरीद नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी 5 लोगों को भी सोना नहीं खरीदने के लिए प्रेरित करे। इसके साथ विदेश यात्रा को भी टालने की सलाह देते हुए स्वदेश पर्यटन पर जोर देने की सलाह दी। उन्होंने अधिकारियों को अधिकतर बैठकें वर्चुअल माध्य से करने पर जोर दिया।

# आसनसोल के कोयला खदान में एयर ब्लास्ट, 40 से ज्यादा श्रमिक घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (ईसीएल) के कुनुस्तोरिया क्षेत्र स्थित पड़ाशिया (परशिया) कोलियरी की भूमिगत खदान में हुए भयावह एयर ब्लास्ट हुआ है। हादसे में 40 से अधिक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि एक श्रमिक की मौत हो गई है। हालांकि, खदान प्रबंधन की ओर से खबर लिखे जाने तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह पहली शिफ्ट के दौरान करीब 10ः30 बजे खदान के 27 नंबर विभाग में श्रमिक कोयला कटाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक खदान की एक परत से तेज एयर ब्लास्ट हुआ, जिससे भीतर जबरदस्त वायु दबाव बन गया। विस्फोट से श्रमिक दूर जा गिरे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उस समय उक्त खदान में करीब 20-25 कर्मचारी मौजूद थे, जिनमें दो अधिकारी भी शामिल थे।

बता दें कि, खदान में एयर ब्लास्ट एक अत्यंत खतरनाक घटना है, जो मुख्य रूप से भूमिगत कोयला खदानों में छत गिरने के कारण उत्पन्न होती है। इसमें खदान की खाली जगह में फंसी हवा अचानक भारी दबाव के साथ बाहर निकलती है, जो खनिकों को घायल या मृत कर सकती है।

### भारत ने ओमान में भारतीय जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा की

**नई दिल्ली।** ओमान के तट बुधवार को भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुए हमले की भारत ने कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर रहा कि ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा, हमला अस्वीकार्य है और हम इस बात की निंदा करते हैं कि कमर्शियल जहाजों और आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है।

### रॉश फार्मा इंडिया ने फेफड़ों के कैंसर के लिए सबक्यूटेनियस इम्यूनोथेरेपी की लॉन्च

**नई दिल्ली।** फार्मास्युटिकल क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में शामिल रॉश फार्मा इंडिया ने गुरुवार को भारत में इम्यूनोथेरेपी दवा टेसेंट्रिक को यहां लॉन्च किया। टेसेंट्रिक (एटजोलिजुमैब) एससी से फेफड़ों के कैंसर की इम्यूनोथेरेपी देने का समय घंटों से घटकर सिर्फ सात मिनट रह जाएगा। कंपनी ने बताया कि यह पहली बार है जब इस दवा को त्वचा के नीचे दिया जा सकेगा, जिससे दवा देने का समय घटकर सिर्फ सात मिनट रह जाएगा। इसकी तुलना में पारंपरिक इंट्रावीनस इन्फ्यूजन में कम से कम दो घंटे लगते हैं। हालांकि यह आराम काफी महंगा पड़ता है, क्योंकि एक वायल (शीशी) की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) लगभग 3.7 लाख रुपये है। ये दवा एक मरीज को औसतन लगभग छह साइकल की ज़रूरत पड़ सकती है।

# असम में 21 करोड़ की हेरोइन व अफीम के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कामरूप पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अमीनगांव में एक बस से करीब 21 करोड़ 36 लाख मूल्य की हेरोइन और अफीम बरामद की है। इस मामले में पांच कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

असम पुलिस के सीपीआरओ ने गुरवार को बताया कि, गुप्त सूचना मिली थी कि मणिपुर के क्वाक्टा से पड़ोसी राज्य की ओर जा रही बस संख्या एएस 06 एसी 7555 के जरिए भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है। सूचना में यह भी बताया गया था कि बस में कोई सामान्य यात्री नहीं है और उसमें केवल तस्कर सवार हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस और एसटीएफ की टीम ने अमीनगांव में बस को रोककर तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान बस में बने गुप्त खाने से 197 साबुन के डिब्बों में छिपाकर रखी गई 2.561 किलो हेरोइन और 8 किलो अफीम बरामद की गई।

पुलिस ने इस सिलसिले में अब्दुल लतीफ (33), मोहम्मद ताहेर अली (38), मोहम्मद इस्लामुद्दीन (38), मोहम्मद लतीप (30) और मोहम्मद अजमेर (37) को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी मणिपुर के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है। मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान और नेटवर्क के विस्तार का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### ओम बिरला, अमित शाह व अन्य ने छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर उन्हें नमन किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और गृहमंत्री अमित शाह सहित कई प्रमुख नेताओं ने गुरुवार को छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर एक्स के माध्यम से उन्हें नमन किया। बिरला ने लिखा, छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! विपरीत परिस्थितियों में भी स्वराज, संस्कृति और राष्ट्रधर्म की रक्षा के लिए छत्रपति ने जिस अद्वितीय पराक्रम और दृढ़ता का परिचय दिया। वह भारतीय इतिहास में अमर है। उन्होंने अन्याय और आक्रांताओं के सामने कभी समझौता नहीं किया तथा असहनीय यातनाएं सहकर भी अपने सिद्धांतों और विचारों के प्रति अटल रहे।

# नियमों को ताक पर रखकर बाब जी मस्कन मल्टी के लिए सरकारी सड़क पर लगा दिया विद्युत ट्रांसफार्मर

### विद्युत सुरक्षा विभाग की जांच में 12 बड़ी अनियमितताएं उजागर, ट्रांसफार्मर से लेकर वायरिंग तक में गंभीर खामियां- रहवासी बोले, हादसा हुआ तो जिम्मेदार कौन?

**उज्जैन (ब्यूरो)।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के चंद का कुआं इलाके में स्थित बोहरा समाज की बाब जी मस्कन नाम की 16 फ्लैट वाली विवादित मल्टी अब बड़े भ्रष्टाचार और लापरवाही का प्रतीक बन गई है। इस मल्टी को बिजली कनेक्शन देने के मामले में विद्युत सुरक्षा विभाग की जांच ने ऐसा खुलासा किया है, जिसने बिजली कंपनी के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आरोप है कि मल्टी निर्माता अकबर हैदर अली ने इलेक्ट्रीशियन ठेकेदार मोहसिन अली नई सड़क के के माध्यम से विद्युत वितरण कंपनी के वल्लभनगर जोन के एई सहित अन्य अधिकारियों को लाखों रुपए की रिश्वत देकर सरकारी सड़क किनारे और बच्चों के स्कूल के पास निजी ट्रांसफार्मर लगवाया और नियमों को दरकिनार कर बिजली सप्लाई चालू करवा दी। क्षेत्र के रहवासियों और स्कूल संचालकों ने कई बार शिकायतें और लिखित आवेदन दिए, लेकिन हर बार मामला दबा दिया गया। शिकायतों के बाद विद्युत सुरक्षा विभाग द्वारा कराई गई जांच में सामने आया कि पूरी विद्युत व्यवस्था गंभीर खामियों से भरी हुई है और यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

8 जनवरी 2026 को सहायक यंत्री, विद्युत सुरक्षा कार्यालय द्वारा तैयार जांच रिपोर्ट में साफ उल्लेख किया गया कि यदि भविष्य में कोई विद्युत दुर्घटना होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संबंधित अधिकारियों की होगी। चंद का कुआं क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि जिस ट्रांसफार्मर से पूरी बाब जी मस्कन मल्टी को बिजली सप्लाई दी जा रही है, वहां सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है। नजदीक ही स्कूल है और क्षेत्र के लोगों का आवागमन भी इसी मुख्य सड़क से होता है, बावजूद इसके ट्रांसफार्मर के सामने दीवार तक खड़ी कर दी गई, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरम्मत कार्य प्रभावित हो सकता है। पोलों





और वायरिंग का काम भी नियमों के विपरीत पाया गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना सुरक्षा मानकों को पूरा किए बिजली सप्लाई शुरू करना सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है। अब क्षेत्रवासी पूरे मामले को लेकर न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे हैं।

#### जांच में सामने आई ये बड़ी गड़बड़ियां....

-बिजली सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी

-स्ट्रक्चर पर ए.बी. स्विच नहीं लगाए गए

-लाइटनिंग अरेस्टर नहीं मिला

-डी.ओ. फ्यूज पर बैरल नहीं लगाए गए

-ट्रांसफार्मर की वायरिंग नियम अनुसार नहीं मिली

-अर्थिंग व्यवस्था भारतीय मानक 3043 के अनुरूप नहीं पाई गई

-ट्रांसफार्मर के सामने दीवार बना दी गई

-पोल पर खतरा बोर्ड और बार्ब वायर नहीं लगाया गया

-11 केवी केबल लाइन नियमों के विपरीत डाली गई

-हर पोल पर केवल डिस्क इंसुलेटर के सहारे लाइन ले जाई गई

-स्थापना कार्य 'ए' श्रेणी विद्युत ठेकेदार से कराया गया, लेकिन अनुमति प्रक्रिया अधूरी मिली

-कार्यालय में विद्युत स्थापना चार्ज होने संबंधी दस्तावेज नहीं मिले

-विद्युत अधिनियम 2003 और सुरक्षा नियमों के पालन में लापरवाही सामने आई

#### रिपोर्ट में खुलासा, हादसा हुआ तो जिम्मेदार अफसर...

विद्युत सुरक्षा विभाग की जांच रिपोर्ट में साफ लिखा गया है कि यदि भविष्य में यहां कोई विद्युत हादसा होता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की होगी। इसके बावजूद अब तक न सप्लाई बंद की गई और न जिम्मेदारों पर कार्रवाई हुई।

#### रहवासियों के आरोप...

**-शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई**
**-नियमों को नजरअंदाज कर सप्लाई चालू कर दी गई**
**-अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत का संदेह**
**-हादसे की आशंका के बीच परिवार रहने को मजबूर**
**-स्कूल के बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा आखिर किसके संरक्षण में चलता रहा यह खेल...?**

जब जांच में इतनी गंभीर अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं, तब सवाल यह उठ रहा है कि बिना पूर्ण सुरक्षा मंजूरी और अधूरे दस्तावेजों के आखिर बाब जी मस्कन मल्टी को बिजली सप्लाई कैसे दे दी गई? क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी या फिर मामला दबा दिया जाएगा?

## ब्रीफ न्यूज

### 25-26 मई को होगी शिप्रा तीर्थ परिक्रमा, मुख्यमंत्री करेंगे 300 फीट चुनरी अर्पित

**उज्जैन (ब्यूरो)।** धर्म, संस्कृति और जल संरक्षण के संदेश के साथ 25 और 26 मई को शिप्रा तीर्थ परिक्रमा और गंगा दशमी उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान चुनरी अर्पण के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्री राम तिवारी ने बताया कि संस्कृति विभाग और शिप्रा लोक संस्कृति समिति के आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 25 मई को रामघाट से शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के साथ होगी। दूसरे दिन 26 मई को सुबह 9 बजे यात्रा पुनः प्रारंभ होगी। आयोजन के दौरान भजन, लोक संगीत, नौसेना बैंड और सुगम संगीत की प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शिप्रा लोक संस्कृति समिति के सचिव नरेश शर्मा ने बताया कि 25 मई की शाम 6 बजे भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें श्रेयश शुक्ला एवं साथी तथा संजो बघेल एवं साथी प्रस्तुति देंगे। वहीं 26 मई को दोपहर 4 बजे भारतीय नौसेना के बैंड की सिम्फनी प्रस्तुति होगी। शाम 7.30 बजे भजन जैमिंग और केशव बैंड का कार्यक्रम होगा, जबकि रात 8.30 बजे प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर अपने साथियों के साथ सुगम संगीत प्रस्तुत करेंगी। आयोजन में 26 मई की शाम 5 बजे रामघाट पर होने वाला विशेष कार्यक्रम रहेगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होकर मां शिप्रा को 300 फीट लंबी चुनरी अर्पित करेंगे। इस दौरान शिप्रा नदी संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

### स्मार्ट सिटी के 5.59 करोड़ के सोलर प्लांट बंद, हर साल 75 लाख से अधिक का नुकसान

**नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने स्मार्ट सिटी सीईओ से की शिकायत, जांच की मांग**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** शहर के जलप्रदाय संयंत्रों पर बिजली बिलों की भारी-भरकम राशि बचाने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी द्वारा 5.59 करोड़ रुपये की लागत से लगाए गए 1.29 मेगावॉट के सोलर प्लांट वर्तमान में पूरी तरह बंद पड़े हैं। साल 2019 में स्थापित इन सोलर पैनलों से बिजली उत्पादन ठप होने के कारण नगर निगम को हर साल 75 लाख रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस गंभीर मामले में नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने स्मार्ट सिटी कार्यालय के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

शिकायत में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, स्मार्ट सिटी द्वारा लगाए गए इन प्लांट की कुल क्षमता 1290 किलोवॉट है। प्रति किलोवॉट प्रतिदिन 4 यूनिट के मान से इनसे हर दिन 5160 यूनिट और एक वर्ष में 18,83,400 यूनिट बिजली का उत्पादन होना था। यदि 4 रुपये प्रति यूनिट की दर से इसकी गणना की जाए, तो प्लांट के बंद होने से सालाना 75,33,600 रुपये की सीधी आर्थिक हानि हो रही है। बताया गया है कि इन प्लांट की स्थापना के लिए 5 करोड़ 59 लाख रुपये की पूरी राशि का भुगतान भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद आज तक ये सुचारू रूप से चालू नहीं हो सके हैं।

### उज्जैन सांसद ई-बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पम्प पहुंचे

**लोगों को पीएम मोदी का सन्देश दिया, कहा- भारत में घूमने की कई जगह विदेश क्यों जाना**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया गुरुवार को शहर के लंगर पेट्रोल पंप पहुंचे, जहां उन्होंने पेट्रोल भरवाने आए लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का हवाला देते हुए पेट्रोल-डीजल का उपयोग केवल आवश्यकता पड़ने पर ही करने की सलाह दी। इस दौरान सांसद खुद ई-बाइक से पेट्रोल पंप पहुंचे और लोगों को ईंधन बचत और वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग का संदेश दिया। लोगों से ई-व्हीकल के उपयोग की अपील की ईरान-अमेरिका तनाव के बीच देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील के बाद सांसद अनिल फिरोजिया भी देवास रोड स्थित पेट्रोल पंप पर ई-बाइक से पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं भी ई-व्हीकल का उपयोग शुरू कर दिया है और शाम के समय साइकिल से भ्रमण कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि आसपास कहीं जाना हो तो ई-व्हीकल या साइकिल का उपयोग करना चाहिए।

# उज्जैन के सराफा बाजार में ग्राहकी 40% तक घटी

### मुख्य बाजार सूने, व्यापारी बोले- पीएम की अपील और सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी से आम ग्राहकी खत्म

**उज्जैन (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक साल से सोना नहीं खरीदने की अपील का असर बाजार में दिखाई देने लगा है। उज्जैन के प्रमुख सराफा बाजारों में सोना-चांदी की ग्राहकी में 30 से 40 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा रही है। इस स्थिति ने छोटे कारोबारियों को चिंता में डाल दिया है। गुरुवार को उज्जैन में सोना 157500 रुपए प्रति ग्राम बिका।

शहर के पटनी बाजार, फ्रीगंज और नयापुरा क्षेत्र के व्यापारियों का कहना है कि बढ़ती कीमतों, अंतरराष्ट्रीय हालात और बाजार में बनी अनिश्चितता के कारण खरीदारी प्रभावित हुई है। कई व्यापारियों ने दावा किया कि आम दिनों की तुलना में सोने की बिक्री 30 से 40 प्रतिशत तक घट गई है। दोपहर 12 बजे खुलने वाले पटनी बाजार में दिनभर भीड़ रहती थी, पर तीन दिन से ऐसा नहीं है।



#### छोटे व्यापारियों पर बड़ा असर पड़ा

पटनी बाजार ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत सोनी ने बताया कि पीएम मोदी ने हाल ही में पेट्रोल-डीजल बचाने, अनावश्यक यात्रा नहीं करने और एक साल तक सोना खरीदने से बचने की अपील की थी। इसका असर ये हुआ कि दुकानों से भीड़ गायब हो गई। सोनी ने कहा कि पहले से सोना-चांदी के भाव बढ़ने के कारण व्यापार में मंदी थी। सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी भी 6 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है, जिससे सोना और महंगा हो गया है। इसका छोटे व्यापारियों पर बड़ा असर पड़ा है।

#### छोटी ग्राहकी कम हुई, बड़े सौदे जारी

व्यापारियों के मुताबिक सामान्य दिनों में उज्जैन के तीन बड़े बाजारों में रोजाना करीब एक किलो सोने की बिक्री होती थी, लेकिन अब खपत में उल्लेखनीय कमी आई है। छोटे और मध्यम कारोबारियों का कहना है कि बाजार में छोटी ग्राहकी कमजोर हुई है, जबकि निवेशक स्तर पर बड़े सौदे अब भी हो रहे हैं।

#### रि-साइक्लिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए

सराफा कारोबारियों ने सुझाव दिया कि लोगों को पुराने सोने की रि-साइक्लिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे ग्राहकों पर नया सोना खरीदने का दबाव कम होगा और छोटे व्यापारियों का कारोबार भी चलता रहेगा। व्यापारियों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में छोटे सराफा कारोबारियों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है।

# शिप्रा किनारे 200 से ज्यादा अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त

### उज्जैन नगर निगम बताए होटल, रिसॉर्ट, मठों पर क्या कार्रवाई की; 15 जून को फिर सुनवाई

**उज्जैन (ब्यूरो)।** शिप्रा नदी के शुद्धिकरण पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन नदी किनारे ग्रीन बेल्ट और सिंहस्थ की संरक्षित जमीन पर लगातार अवैध निर्माण बढ़ते जा रहे हैं। होटल, रेस्टोरेंट, मठ, आश्रम और कॉलोनियों सहित 200 से अधिक अवैध निर्माणों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है।

मप्र हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने उज्जैन नगर निगम को तलब किया है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि नदी किनारे 200 मीटर के दायरे में हुए अतिक्रमणों की जानकारी दें। इतना ही नहीं उन्हें हटाने की कार्रवाई पर 15 जून तक जवाब पेश किया जाए।

यह याचिका वर्ष 2023 में उज्जैन निवासी सत्यनारायण सोमानी ने दायर की थी। याचिका में बताया गया था कि शिप्रा नदी के दोनों किनारों पर 100 से 200 मीटर के दायरे में कई होटल, मठ, आश्रम, स्कूल और कॉलोनियों का अवैध निर्माण हो गया है। इन निर्माणों से निकलने वाला सीवरेज सीधे नदी में मिल रहा है, जिससे नदी




का पानी प्रदूषित हो रहा है।

मामले में लगातार सुनवाई के बाद 5 मई को कोर्ट ने नगर निगम को निर्देश दिए कि 15 जून तक सभी अतिक्रमणों की सूची तैयार कर कार्रवाई की जाए। तब तक किसी भी तरह की व्यावसायिक गतिविधि संचालित न होने देने के निर्देश भी दिए गए हैं। कोर्ट ने नदी निधि विकास योजना से जुड़ी रिपोर्ट भी पेश करने को कहा है।

याचिकाकर्ता पक्ष के वकील बलदीप सिंह गांधी नेबताया कि हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि नदी तट के पास किसी भी व्यावसायिक रिसॉर्ट के निर्माण को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

अब मामले की अगली सुनवाई 15 जून को होगी। इस दौरान नगर निगम को अतिक्रमण हटाने और अवैध व्यवसायिक गतिविधियों पर की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट पेश करनी होगी।

# महाकाल मंदिर में खोया 5 लाख का ब्रेसलेट

**उठाने वाले को CCTV की मदद से पहचाना, डेढ़ घंटे में 40 किमी दूर तराना से बरामद किया**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार को दर्शन के दौरान एक श्रद्धालु का करीब 5 लाख रुपए कीमत का हीरे जड़ा ब्रेसलेट गुम हो गया। मंदिर प्रशासन और आईटी शाखा की सक्रियता से ब्रेसलेट महज डेढ़ घंटे में 40 किलोमीटर दूर तराना क्षेत्र से सुरक्षित बरामद कर श्रद्धालु को लौटा दिया गया।

जानकारी के मुताबिक इंदौर से आए श्रद्धालु देर रात बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। इसी दौरान उनका कीमती ब्रेसलेट मंदिर परिसर में कहीं गिर गया। ब्रेसलेट गायब होने का पता चलते ही उन्होंने मंदिर की आईटी शाखा को सूचना दी।

सूचना मिलते ही मंदिर समिति के कर्मचारी निर्मल सांखला, एसटीएफ के रोहित ठाकुर और इंदर सिंह मेवाड़ा ने तत्काल मंदिर परिसर में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। मॉनिटरिंग टीम ने बारीकी से रिकॉर्डिंग की जांच की। आईटी शाखा अधिकारी दीपक परमार ने बताया कि फुटेज में एक व्यक्ति ब्रेसलेट उठाकर उसे जेब में रखते हुए नजर आया। वह व्यक्ति ब्रेसलेट जमा कराने के बजाय मंदिर परिसर से बाहर निकल गया था। इसके बाद टीम ने लगातार कैमरों के जरिए उसकी पहचान और लोकेशन ट्रेस की।

जांच में पता चला कि संदिग्ध व्यक्ति तराना क्षेत्र का रहने वाला है। सूचना मिलते ही मंदिर प्रशासन की टीम तुरंत तराना पहुंची और उसके पास से ब्रेसलेट सुरक्षित बरामद कर लिया।

पूरी कार्रवाई बेहद तेजी से की गई और करीब डेढ़ घंटे के भीतर श्रद्धालु को उनका कीमती ब्रेसलेट वापस सौंप दिया गया। सुरक्षा कारणों से श्रद्धालु की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है।

# जिला अस्पताल में डॉक्टरों का वेतन कटेगा

### सीईओ के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए चिकित्सक

**उज्जैन।** जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था और चिकित्सकों की उपस्थिति रजिस्टर देखा। निरीक्षण में कई विभागों में चिकित्सक निर्धारित समय पर अनुपस्थित पाए गए।

सीईओ ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी चिकित्सकों को सुबह 9 बजे से अस्पताल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा।

#### चिकित्सकों को चेतावनी दी जा चुकी है

कुमट ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और कमिश्नर हेल्थ स्तर से लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि सभी चिकित्सक सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे और शाम 5 बजे से 6 बजे तक अस्पताल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। इसके बावजूद कुछ विभागों में लापरवाही सामने आ रही है,



जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कई बार चिकित्सकों को इस संबंध में चेतावनी दी जा चुकी है और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे।

#### साफ-सफाई, मरीजों की सुविधाएं भी देखीं

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने अस्पताल में वार्डों का भी दौरा किया और साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा, रिकॉर्ड व्यवस्था तथा चिकित्सकीय सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल की लिफ्टों की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की।

सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया ने बताया कि अस्पताल को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ द्वारा यह निरीक्षण किया गया। अस्पताल प्रशासन ने यह भी जानकारी दी कि अगले माह राष्ट्रीय असेसमेंट होना है, जिसके चलते अस्पताल की व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जा रहा है।

# इंटरनेशनल किन्नर अखाड़े में घमासान, मां काली नंद गिरी ने गुरु से तोड़ा रिश्ता

### महामंडलेश्वर पद छीना

**उज्जैन (ब्यूरो)।** इंटरनेशनल किन्नर अखाड़े में दो महीने पहले महामंडलेश्वर बनी मां काली नंद गिरी अब विवादों में घिर गई हैं। गुरु-शिष्य परंपरा तोड़ने के आरोप में उन्हें पद और सदस्यता से हटा दिया गया है।

इंटरनेशनल किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर पद को लेकर विवाद सामने आया है। तेलंगाना की मां काली नंद गिरी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी गुरु और अखाड़े की प्रमुख मां सतीनंद गिरी से रिश्ता तोड़ने का ऐलान किया है। इसके जवाब में मां सतीनंद गिरी ने भी वीडियो जारी कर कहा कि मां काली नंद



गिरी ने गुरु-शिष्य परंपरा और अखाड़े के नियमों का उल्लंघन किया है, इसलिए उन्हें महामंडलेश्वर पद और अखाड़े की सदस्यता से बर्खास्त कर दिया गया है। 2026 में उज्जैन में इंटरनेशनल किन्नर अखाड़े की दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में देशभर से अखाड़े के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए थे। बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ कुछ लोगों को महामंडलेश्वर की उपाधि भी दी गई थी।

### बारूद बनी मौत... टोंककलां की फैक्ट्री में केमिकल मिलाते वक्त हुआ विस्फोट

**3 मजदूरों की मौत, 25 घायल, कई गंभीर- महिलाओं के लापता होने की भी आशंका**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** देवास जिले के टोंककलां क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुए भीषण धमाके ने पूरे इलाके को दहला दिया। पटाखा निर्माण फैक्ट्री में सुबह करीब 11ः30 बजे ऐसा विस्फोट हुआ कि फैक्ट्री के टीन शेड हाईवे तक जा गिरे और कई मजदूर हवा में उछलकर दूर जा गिरे। हादसे के बाद घटनास्थल चीख-पुकार और अफरा-तफरी से भर गया।

इस खतरनाक हादसे में प्रशासन ने तीन मजदूरों धीरज, सनी और सुमित की मौत की पुष्टि की। वहीं हादसे में करीब 25 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 13 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया है। कई मजदूर बुरी तरह झुलस गए हैं, जबकि तीन महिलाओं के लापता होने की सूचना ने प्रशासन की चिंता और बढ़ा दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। आसपास के मकान तक हिल गए और लोग घरों से बाहर निकल आए। हादसे के समय फैक्ट्री के भीतर 15 से 20 मजदूर काम कर रहे थे। लंच से कुछ मिनट पहले हुए विस्फोट ने सबकुछ तबाह कर दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### होटल में युवक से मारपीट के बाद भोपाल में तनाव, पांच आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल(** गोविंदपुरा इलाके में होटल में ठहरे एक युवक के साथ मारपीट और अभद्रता की घटना के बाद शहर में तनाव की स्थिति बन गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस और प्रशासन को हालात संभालने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार युवक एक युवती के साथ होटल में ठहरा हुआ था। इसी दौरान कुछ युवक कमरे में घुस गए और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने युवक के चेहरे पर गोबर और स्याही पोतकर उसका वीडियो भी बनाया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला तेजी से तूल पकड़ने लगा और शहर में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बन गई।

गोविंदपुरा थाना पुलिस के मुताबिक वायरल वीडियो के आधार पर लालाराम मीना, रोहित सिंह, जीतू कुशवाहा, रंजीत सूर्यवंशी और बृजेंद्र प्रजापति की पहचान की गई। इनमें एक आरोपी नाबालिग है। सभी को गिरफ्तार कर धार्मिक भावनाएं आहत करने, मारपीट और शांति भंग करने समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। हालात संभालने के लिए विधायक आरिफ मसूद और आतिफ अकील को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बरगी क्रूज हादसे में बड़ा खुलासा, दो महीने पहले दी गई थी इंजन खराबी की चेतावनी

**भोपाल।** जबलपुर के बरगी डैम में 30 अप्रैल को हुए दर्दनाक क्रूज हादसे के बाद अब तकनीकी लापरवाही और अधिकारियों की अनदेखी के गंभीर खुलासे सामने आ रहे हैं। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हुई थी। जांच में सामने आया है कि हादसे से करीब दो महीने पहले ही क्रूज के इंजन में खराबी को लेकर चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद संचालन जारी रखा गया।

जानकारी के मुताबिक 1 मार्च 2026 को बरगी स्थित मैकल रिसोर्ट के मैनेजर ने मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को पत्र लिखकर मैकल सुता क्रूज की खराब स्थिति की जानकारी दी थी। पत्र में बताया गया था कि 14 जनवरी 2025 को संचालन के दौरान क्रूज के दोनों इंजन अचानक बंद हो गए थे, जिससे तेज हवाओं और लहरों के बीच क्रूज पानी में फंस गया था। बाद में स्पीड बोट की मदद से उसे किनारे लाया गया।

पत्र में यह भी उल्लेख था कि क्रूज के एक इंजन को स्टार्ट करने में लगातार दिक्कत आ रही थी और कई बार सेवाएं रोकनी पड़ती थीं। हैदराबाद बोट बिल्डर्स के विशेषज्ञों ने भी इंजन बदलने की सलाह दी थी, क्योंकि पुराने इंजनों के स्पेयर पार्ट्स बाजार में उपलब्ध नहीं थे। इसके बावजूद करीब 20 साल पुराने क्रूज का संचालन जारी रखा गया।

### देवास पटाखा फैक्ट्री विस्फोट पर गरमाई सियासत, उमंग सिंघार ने सरकार पर साधा निशाना

**भोपाल।** देवास की पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट के बाद प्रदेश की राजनीति तेज हो गई है। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने हादसे को प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्ट सिस्टम की नाकामी बताते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह केवल हादसा नहीं, बल्कि व्यवस्था की भयावह सच्चाई है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री विस्फोट में तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कुछ महिलाओं के लापता होने की खबरें भी सामने आई हैं। विस्फोट इतना भीषण था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि ग्रामीण लंबे समय से फैक्ट्री के अवैध संचालन की शिकायत कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किसके संरक्षण में यह 卐मौत का कारोबार卐 चलता रहा। सिंघार ने कहा कि गरीब मजदूर 250 से 400 रुपये की दिहाड़ी के लिए अपनी जान जोखिम में डालते रहे और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहे।

# साइबर ठगी पर भोपाल पुलिस का 'डंडा', लापरवाही पर छह थाना प्रभारी दंडित

### पहले एफआईआर, बाद में जांच नीति लागू, 24 घंटे में 19 लाख की साइबर ठगी से मचा हड़कंप

**भोपाल।** भोपाल में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों ने अब पुलिस प्रशासन को पूरी तरह अलर्ट मोड पर ला दिया है। साइबर फ्रॉड के मामलों में लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों पर पहली बार इतनी सख्त कार्रवाई की गई है। जीरो एफआईआर दर्ज करने में देरी और शिकायतों को लंबित रखने पर राजधानी के छह थाना प्रभारियों पर जुर्माना लगाया गया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति है।

पुलिस मुख्यालय स्तर पर हुई समीक्षा में यह सामने आया कि कई थानों में साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतें कई दिनों तक बिना कार्रवाई के पड़ी रहीं। कुछ मामलों में तो शिकायत दर्ज होने के बाद भी पीड़ितों को बार-बार थाने के चक्कर लगाने पड़े। इसी को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए संबंधित निरीक्षकों पर 500 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक का अर्थदंड लगाया गया।

भोपाल पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने साफ संकेत दे दिए हैं कि साइबर अपराधों में अब किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि साइबर हेल्पलाइन या ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त हर शिकायत पर तुरंत जीरो एफआईआर दर्ज की जाए, चाहे शिकायत में जानकारी अधूरी ही क्यों न हो।

#### पहले एफआईआर, बाद में जांच का नया फॉर्मूला

अब तक कई मामलों में पुलिस अतिरिक्त दस्तावेज और विस्तृत जानकारी के इंतजार में एफआईआर दर्ज करने में देरी कर रही थी। लेकिन नई व्यवस्था के तहत अब 卐पहले एफआईआर, बाद में जांच卐 की नीति लागू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि साइबर अपराधों में शुरुआती कुछ घंटे सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। यदि तत्काल केस दर्ज हो जाए तो बैंक खातों को फ्रीज करने, ट्रांजेक्शन ट्रैक करने और रकम वापस दिलाने की संभावना बढ़



जाती है।

राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन से आने वाली शिकायतों में कई बार सीमित जानकारी होती है। पीड़ित अक्सर तकनीकी जानकारी नहीं दे पाते या थाने पहुंचने में देरी करते हैं। ऐसे में मामले लंबित हो रहे थे। अब पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि प्राथमिक जानकारी मिलते ही केस दर्ज होगा और बाद में जांच के दौरान बाकी तथ्य जोड़े जाएंगे।

#### 24 घंटे में पांच बड़े साइबर फ्रॉड केस

नई सख्ती का असर भी तुरंत दिखाई दिया। पिछले 24 घंटे में भोपाल पुलिस ने साइबर ठगी के पांच अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज की है। इन मामलों में कुल 19 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी सामने आई है।

कोलार थाना क्षेत्र में रहने वाली सरिता बर्मन नामक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि साइबर जालसाजों ने उनसे 1 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के दौरान उन्हें झांसे में लिया और खाते से रकम निकाल ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

एक अन्य चौंकाने वाला मामला कोलार बंजारी सी-सेक्टर निवासी सोनाली साहू का है। उन्होंने शिकायत में बताया कि अप्रैल 2024 में उनके साथ 4 लाख 23 हजार 450 रुपये की साइबर ठगी हुई थी। हैरानी की बात यह रही कि इस मामले में करीब दो साल बाद एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।

#### बिजली काटने की धमकी और 10.77 लाख की ठगी

सबसे बड़ा और खतरनाक मामला 67 वर्षीय शिवचरण के साथ हुआ। उन्हें व्हाट्सएप पर बिजली कंपनी के नाम से एक मैसेज मिला, जिसमें कहा गया कि उनका बिजली बिल अपडेट नहीं है और तुरंत भुगतान नहीं करने पर बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा।

मैसेज में भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही उनके मोबाइल में एक एपीके फाइल डाउनलोड हो गई। यह फाइल असल में हैकिंग सॉफ्टवेयर था, जिसने मोबाइल का पूरा एक्सेस साइबर अपराधियों को दे दिया। इसके बाद आरोपियों ने ओटीपी अपडेट और वेरिफिकेशन के नाम पर कई ट्रांजेक्शन करवाए और देखते ही देखते उनके खाते से 10 लाख 77 हजार रुपये साफ कर दिए।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि अब साइबर अपराधी सरकारी संस्थानों और बिजली कंपनियों के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचें।


#### पुलिस महकमे में बढ़ा दबाव

नई नीति लागू होने के बाद थाना स्तर पर दबाव भी बढ़ गया है। कई अधिकारी मानते हैं कि अधूरी जानकारी के बावजूद तत्काल एफआईआर दर्ज करने से मामलों की संख्या तेजी से बढ़ेगी और जांच का बोझ भी बढ़ेगा। हालांकि वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि साइबर अपराधों में देरी सबसे बड़ी कमजोरी बन चुकी थी और अब इस पर सख्ती जरूरी थी।

भोपाल पुलिस का यह कदम प्रदेश में साइबर अपराधों से निपटने की दिशा में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। आने वाले दिनों में यह नीति दूसरे जिलों में भी लागू की जा सकती है।

## आग उगल रहा मध्य प्रदेश, 45 डिग्री के पार पहुंचा पारा

### मालवा-निमाड़ में लू का कहर, रातें भी बनीं तपती भट्टी; अगले चार दिन और मुश्किल







**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर खतरनाक करवट ले ली है। कुछ दिन पहले तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से राहत महसूस कर रहे लोग अब भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे हैं। प्रदेश के कई शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि मालवा-निमाड़ क्षेत्र आग की तरह तप रहा है। मौसम विभाग ने इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम समेत कई जिलों में तीव्र लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले चार दिनों तक प्रदेश के आधे हिस्से में हीट वेव का असर बना रहेगा। दिन ही नहीं, रात का तापमान भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही। इंदौर, उज्जैन और धार में 卐वॉर्म नाइट卐 की चेतावनी जारी की गई है। इसका मतलब है कि रात में भी गर्म हवाएं चलेंगी और तापमान सामान्य से काफी अधिक रहेगा।

#### मालवा-निमाड़ बना सबसे बड़ा हॉटस्पॉट

इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में हालात सबसे ज्यादा गंभीर हैं। यहां दोपहर के समय सड़कें सुनसान दिखाई देने लगी हैं। गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। मौसम विभाग ने झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, देवास, सीहोर, शाजापुर, आगर-मालवा और राजगढ़ जिलों में भी लू चलने की चेतावनी जारी की है।

गुरुवार को राजधानी भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर समेत अधिकांश शहरों में तेज गर्मी पड़ने का अनुमान है। कई जिलों में तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

#### खजुराहो सबसे गर्म, 45.4 डिग्री दर्ज

बुधवार को प्रदेश के 12 शहरों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। खजुराहो सबसे गर्म शहर रहा, जहां पारा 45.4 डिग्री तक पहुंच गया। रतलाम में 45.2 डिग्री और धार में 45 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन 44.7 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। भोपाल में 43.2 डिग्री, इंदौर में 43.6 डिग्री, जबलपुर में 42.7 डिग्री और ग्वालियर में 42 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो-तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।

#### गर्मी के बीच कहीं बारिश, कहीं ओले

भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम का बदला हुआ रूप भी देखने को मिला। जबलपुर और सिवनी में हल्की बारिश हुई, जबकि पांढुर्णा में ओलावृष्टि की खबर सामने आई। कई जिलों में तेज आंधी भी चली। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अब प्रदेश में बारिश की संभावना बेहद कम है और गर्म व शुष्क हवाओं का दौर जारी रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार 17 मई तक लू का असर बना रहेगा। खासकर इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में स्थिति अधिक गंभीर रहने की संभावना है। वहीं भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर संभाग में भी हीट वेव की चेतावनी जारी की गई है।

#### मई में 11 दिन बदला रहा मौसम

प्रदेश में 30 अप्रैल से लगातार मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। 10 मई तक कई जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी रहा। पश्चिमी विक्षोभ, ट्रफ लाइन और चक्रवाती सिस्टम के कारण शुरुआती दिनों में मौसम सुहाना बना रहा। लेकिन अब मौसम पूरी तरह गर्म और शुष्क हो चुका है।

गुरुवार को प्रदेश में कहीं भी बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। इससे साफ है कि आने वाले दिनों में गर्मी और ज्यादा परेशान कर सकती है।

#### लोगों के लिए एडवाइजरी जारी

मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। विशेषज्ञों ने पर्याप्त पानी पीने, शरीर को हाइड्रेट रखने और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने की अपील की है।

बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। डॉक्टरों के अनुसार लगातार धूप और गर्म हवाओं के संपर्क में रहने से हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और कमजोरी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ सकती हैं।

प्रदेश में बढ़ती गर्मी ने साफ संकेत दे दिए हैं कि आने वाले दिन और कठिन हो सकते हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और मौसम विभाग की सलाह मानने की जरूरत है।

## रिटायर्ड जज के घर मौत का रहस्य, बहू की फांसी के बाद थाने में बवाल

### मायके पक्ष का बड़ा आरोप- दामाद ने की हत्या, सबूत मिटाने की कोशिश; आधी रात पुलिस पर बदसलूकी का भी आरोप

**भोपाल।** भोपाल में रिटायर्ड जज के परिवार से जुड़ा एक हाईप्रोफाइल मामला गुरुवार को अचानक तूल पकड़ गया। रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह की बहू ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के बाद मायके पक्ष ने महिला थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि प्रभावशाली परिवार होने के कारण मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

मृतका के परिजनों का कहना है कि ट्विशा ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है। उन्होंने सीधे तौर पर पति समर्थ सिंह पर गंभीर आरोप लगाए और दावा किया कि घटना के बाद सबूत मिटाने की भी कोशिश की गई। मामले को लेकर महिला थाना परिसर में काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से पुलिस का रवैया संदिग्ध रहा। उनका कहना था कि पिछले 24 घंटे में पुलिस ने क्या कार्रवाई की, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष के प्रभाव के चलते पुलिस खुलकर कार्रवाई करने से बच रही है।

#### आधी रात घर पहुंची पुलिस, बदसलूकी की

मायके पक्ष ने महिला थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आधी रात पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और परिवार के लोगों के साथ अभद्र व्यवहार



द्विशा शर्मा, मृतक

किया। परिजनों का कहना है कि पुलिस उन्हें दबाव में लेने की कोशिश कर रही थी ताकि मामला शांत हो जाए। परिवार की महिलाओं ने थाने में रोते हुए आरोप लगाया कि उनकी बेटी लंबे समय से मानसिक प्रताड़ना झेल रही थी। उन्होंने कहा कि शादी के बाद से ही ट्विशा परेशान रहती थी और कई बार उसने अपने साथ हो रहे व्यवहार की जानकारी परिवार को दी थी।

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी नजर

फिलहाल पुलिस इस मामले को आत्महत्या मानकर जांच कर रही है, लेकिन परिजनों के आरोपों के बाद मामला और संवेदनशील हो गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। वहीं मायके पक्ष लगातार हत्या का मामला दर्ज करने की मांग कर रहा है।

सूत्रों के मुताबिक घटना के समय घर में कौन-कौन मौजूद था और मौत से पहले क्या परिस्थितियां थीं, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी खंगाल रही है।

#### थाने में बढ़ा तनाव, कार्रवाई की मांग

महिला थाने पहुंचे परिजनों और रिश्तेदारों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। उनका कहना था कि यदि सामान्य परिवार की बेटी होती तो अब तक गिरफ्तारी हो चुकी होती। परिजनों ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि हर पहलू की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कब्रिस्तान के नीचे मेट्रो पर घमासान, वक्फ ट्रिब्यूनल में टली सुनवाई

### भोपाल टॉकीज के प्राचीन कब्रिस्तान और नारियलखेड़ा की वक्फ जमीन पर निर्माण को चुनौती, अब 23 जून को होगी अहम सुनवाई

**भोपाल।** मेट्रो प्रोजेक्ट अब कानूनी और धार्मिक विवाद के केंद्र में आ गया है। भोपाल टॉकीज स्थित प्राचीन कब्रिस्तान के नीचे से प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन और नारियलखेड़ा की वक्फ जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर दायर याचिकाओं पर गुरुवार को वक्फ ट्रिब्यूनल में सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण अब मामले की अगली सुनवाई 23 जून को होगी।

इस मामले में कमेटी इंतेजामियां औकाफ-ए-अम्मा ने मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण में दो अलग-अलग प्रकरण दायर किए हैं। दोनों मामलों में मेट्रो निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। गुरुवार को स्टे आवेदन पर बहस होनी थी, लेकिन सुनवाई टलने से मामला और लंबा खिंच गया।

कमेटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अंसार उल हक और अधिवक्ता इब्राहिम सरवत शरीफ खान पैरवी कर रहे हैं। अधिवक्ता खान ने बताया कि इससे पहले दोनों मामलों में दो-दो बार सुनवाई हो चुकी है और अब अगली तारीख 23 जून तय की गई है।

पहला मामला हमीदिया रोड स्थित मासूमा तकिया अम्मनशाह, मस्जिद नूरानी, मुल्लाशाह और अन्य पंजीकृत वक्फ कब्रिस्तान क्षेत्रों से जुड़ा है। याचिका में कहा गया है कि प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन शहर के सबसे पुराने और बड़े कब्रिस्तानों के नीचे से निकाली जा रही है, जहां हजारों कब्रें मौजूद हैं।

वादी पक्ष का दावा है कि मेट्रो सुरंग निर्माण और खुदाई से करीब एक एकड़ क्षेत्र प्रभावित हो सकता है।

## भीषण गर्मी में बेतवा को नया जीवन देने की जंग

### सूखी पहाड़ियों के बीच श्रमदान का चमत्कार, एक दिन में बने रिकॉर्ड 22 चेक डैम; 16 मई तक चलेगा अभियान

**भोपाल।** झिगरी गांव में भीषण गर्मी और सूखी धरती के बीच एक अनोखी मुहिम उम्मीद की नई तस्वीर पेश कर रही है। यहां बेतवा नदी के उद्गम क्षेत्र को फिर से जीवित करने के लिए चल रहे श्रमदान अभियान ने गुरुवार को नया रिकॉर्ड बना दिया। केवल एक दिन में 22 चेक डैम तैयार किए गए, जो अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यह अभियान 16 मई तक लगातार जारी रहेगा।

तपती धूप, 45 डिग्री के करीब पहुंचते तापमान और सूखी पहाड़ियों के बीच सैकड़ों लोग सुबह से शाम तक नदी को बचाने के लिए जुटे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों और युवाओं की भागीदारी ने इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दे दिया है।



#### सूखती बेतवा को बचाने की कोशिश

बेतवा नदी मध्य भारत की महत्वपूर्ण नदियों में गिनी जाती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जलस्तर लगातार गिरने और बारिश की कमी के कारण इसके उद्गम क्षेत्र में सूखे जैसे हालात बनने लगे थे। झिगरी और आसपास की पहाड़ियों में पानी रुकना लगभग बंद हो गया था, जिससे नदी की प्राकृतिक धारा कमजोर पड़ने लगी।

इसी संकट को देखते हुए स्थानीय स्तर पर श्रमदान अभियान शुरू किया गया। अभियान का उद्देश्य छोटे-छोटे चेक डैम बनाकर वर्षा जल को रोकना और भूजल स्तर को बढ़ाना है, ताकि आने वाले मानसून में नदी को नया जीवन मिल सके।

#### एक दिन में बना रिकॉर्ड

गुरुवार को अभियान के दौरान एक ही दिन में 22 चेक डैम तैयार किए गए। यह संख्या अब तक के अभियान में सबसे ज्यादा बताई जा रही है। पत्थरों, मिट्टी और स्थानीय संसाधनों की मदद से बनाए जा रहे ये चेक डैम बारिश के पानी को रोकने में अहम भूमिका निभाएंगे।

अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह पानी को रोका गया तो आने वाले वर्षों में बेतवा का जलस्तर बेहतर हो सकता है और आसपास के गांवों में भी जल संकट कम होगा।

#### युवाओं और ग्रामीणों का उत्साह

तेज गर्मी के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हो रहा। गांव के बुजुर्गों से लेकर युवा और महिलाएं भी श्रमदान में हिस्सा ले रही हैं। कई लोग सुबह जल्दी पहुंच जाते हैं और दोपहर की तपती धूप में भी पत्थर ढोने और मिट्टी भरने का काम करते रहते हैं।

## संपादकीय

# भारतीय अर्थ व्यवस्था का महासंकट

भारतीय अर्थ व्यवस्था को लेकर सरकार लगातार तेज विकास, बढ़ते बुनियादी ढांचे और विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा करती रही है। अब इस दावे की पोल खुलती चली जा रही है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरुण कुमार ने भारत की अर्थव्यवस्था में आने वाले महा संकट का संकेत किया है, उन्होंने सरकार के चमकदार दावों के पीछे छिपी सच्चाई को उजागर किया है। उनका मानना है, भारत की अर्थव्यवस्था दो हिस्सों में बंट चुकी है। एक संगठित क्षेत्र, जो कॉरपोरेट और शेयर बाजार की वृद्धि को अर्थव्यवस्था में दिखाता है, दूसरा असंगठित क्षेत्र, जहां देश की लगभग 94 प्रतिशत कार्यशक्ति काम करती है, जो लगातार संकट में है। उसकी वास्तविकता सरकार उजागर नहीं करती है।

प्रो. अरुण कुमार के अनुसार सबसे बड़ा संकट 'मांग मे कमी' आने का है। जब आम लोगों की आय घटती है, रोजगार कम होता है, उस समय सबसे पहले ग्रामीण अर्थव्यवस्था और असंगठित क्षेत्र कमजोर होता है। बाजार में मांग घटती है। इसका सीधा असर उद्योगों के उत्पादन, कारोबार और निवेश पर पड़ता है। यही कारण है कि ऊंची जीडीपी वृद्धि के बावजूद देश मे रोजगार का सृजन नहीं हो रहा। उल्टे नौकरियां जा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत में बढ़ती बेरोजगारी और असमानता को लेकर कई वर्षों से चिंता जताई जा रही है। अर्थशास्त्री नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना महामारी के बाद असंगठित क्षेत्र को जो नुकसान हुआ है उसके बारे में कई बार अपनी चिंता पिछले वर्षों में व्यक्त कर चुके हैं। सरकार ने इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया।

छोटे व्यापारी, कुटीर उद्योग, किसान और दिहाड़ी मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। प्रो. अरुण कुमार का दावा है, सरकारी आंकड़े इस वास्तविक स्थिति को छुपाने का काम करते हैं। आंकड़ों को बदल देते हैं। सही मायने में कहा जाए तो सरकार आंख बंद करके जीडीपी और अर्थव्यवस्था को बेहतर बताकर अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई है। सरकार ने जीडीपी मापन की वर्तमान प्रणाली में असंगठित क्षेत्र की गिरावट को सही ढंग से वास्तविक स्थिति को शामिल नहीं किया है। जिसके कारण देश की आर्थिक स्थिति कागजों में कुछ और है, और वास्तविक स्थिति कुछ और है। वर्तमान स्थिति यह है, शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर है। बेरोजगारी लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। अर्थव्यवस्था में जो बदलाव आए हैं उसके कारण भारत सहित वैश्विक स्तर पर लोगों की नौकरियां जा रही हैं। भारत के लगभग 80 करोड लोग मुफ्त राशन पर निर्भर हैं। भारत की अर्थव्यवस्था वास्तव में मजबूत होती, तो रोजगार और लोगों की आय में यह परिवर्तन दिखाई देता। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र की जो मांग पहले बढ़ रही थी, अब तेजी के साथ घट रही है। महंगाई और आय नहीं होने से मांग में निरंतर कमी आ रही है। युवाओं में बेरोजगारी और कृषि संकट भारत के तथाकथित विकास मॉडल और अर्थव्यवस्था को उजागर कर रहे हैं। अरुण कुमार सहित कई अर्थशास्त्रियों ने लगातार चिंता व्यक्त की है। मांग आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं किया गया, तो भारत 'स्टैगफ्लेशन' जैसी स्थिति में फंस सकता है। इस स्थिति में विकास धीमा होता है, महंगाई लगातार बढ़ती है। जिसके कारण आम आदमी का जीवन दूभर होता है। इस संकट का समाधान बड़े एक्सप्रेस-वे, कॉरिडोर और पूंजी-प्रधान परियोजनाओं से पूरा नहीं हो सकता है। आवश्यकता है, सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, छोटे उद्योग और रोजगार सृजन पर अधिक से अधिक निवेश करे। असंगठित एवं ग्रामीण क्षेत्र की आय बढ़ाने, असंगठित क्षेत्र को ऋण राहत देने तथा श्रम-प्रधान उद्योगों को बढ़ावा देना इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जब तक आम नागरिकों की क्रय शक्ति नहीं बढ़ेगी। तब तक आर्थिक विकास केवल कागजी उपलब्धि बनी रहेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था एक निर्णायक मोड़ पर आकर खड़ी हो गई है। यदि नीति-निर्माताओं और सरकार ने आंकड़ों में हेरा-फेरी करके वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज किया, तो आने वाला संकट और गहरा हो सकता है। अरुण कुमार की चेतावनी सरकार की आलोचना नहीं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में आर्थिक असंतुलन जिस तेजी के साथ बढ़ रहा है। समय रहते सरकार को समझना होगा। सरकार ने यदि अपनी आर्थिक नीतियों में जल्द ही परिवर्तन नहीं किया तो इसके दुष्परिणाम बहुत भयानक हो सकते हैं। अमेरिका में जो 2008 में मंदी आई थी उससे भी ज्यादा खतरनाक स्थिति भारत की हो सकती है।

**सनत जैन**

## राज काज

### चुनाव खत्म होते ही सरकार को तेल संकट की याद ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच राज्यों के चुनाव में व्यस्त थे। पिछले 3 महीने से चुनाव और खाड़ी युद्ध साथ-साथ चल रहा था। ऐसी स्थिति में सरकार चुनाव में व्यस्त थी। जैसे ही चुनाव परिणाम आए। उसके बाद सरकार की प्राथमिकता कच्चे तेल रसोई गैस और खाद के संकट को दूर करने में लग गई है। सरकार ने इसे प्राथमिकता में लिया है। सरकार को एक कठिनाई विदेशी मुद्रा भंडार की जरूर आ रही है।सरकार इसके लिए भी जल्द कोई इंतजाम कर लेगी। बाकी सब चंगा है, सरकार फिक्र कर रही है।जनता को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

### प्रधानमंत्री की अपील पर जन प्रतिक्रिया

प्रधानमंत्री मोदी ने आम जनता से अपील की है। वह किफायत के साथ पेट्रोल डीजल और गैस का उपयोग करे।भारत के पास खाड़ी देशों की तरह बड़े-बड़े तेल के कुएं नहीं हैं। कच्चा तेल खरीदने के लिए भी विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। प्रधानमंत्री ने 1 साल सोना नहीं खरीदने का आग्रह भारत की जनता से किया है। सोने की खरीदी में भारत को बहुत ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है।सही बात है, सोना खाने की चीज नही है। संकट से निपटने के लिए यदि 1 साल नहीं खरीदेंगे, तो कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। आम जनता को प्रधानमंत्री मोदी की समझाइस को मानना ही पड़ेगा। इसके अलावा जनता के पास कोई विकल्प भी नहीं है। सरकार ने जब कोरोना महामारी से निपटा लिया है। तो इस संकट से भी सरकार निपट ही लेगी। यह भरोसा तो रखना ही पड़ेगा।

### अजारी और बीमारी में पैसा खर्च करना ही बुद्धिमानी

जब तक चुनाव चल रहे थे। सरकार कह रही थी, तेल गैस का कोई संकट नहीं है। जैसे ही चुनाव खत्म हुए। सरकार के सामने तेल संकट आ गया है।जब संकट आ ही गया है, तो मुकाबला करने के लिए महंगी गैस, महंगा पेट्रोल डीजल खाद खरीदना पड़े। तो संकट के समय इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए। बीमार की जान बच जाएगी। संकट के समय जमा पैसा काम आ जाएगा। इसी समय के लिए पैसा बचाकर रखा जाता है। सरकार ने संकट बता दिया है।संकट का मुकाबला आम जनता को करना है।

### सरकार के उपदेश पर विपक्ष हमलावर


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों को पेट्रोल डीजल गैस में किफायत बरतने और 1 साल तक सोना नही खरीदने की अपील की है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री की अपील को पर उपदेश कुशल बहुतेरे बताते हुए सरकार पर हमला कर दिया है। विपक्ष का कहना है, सरकार की गलत नीतियों और चुनाव खत्म होते ही आम जनता को उपदेश देने के लिए बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। सबसे ज्यादा पेट्रोल, डीजल, और पैसे का दुरुपयोग प्रधानमंत्री और भाजपा की चुनावी रैलियां और रोजाना हो रहे इवेंट में उनकी पार्टी कर रही है।

# गाली जब स्वैग बन जाए, तो समझिए समाज हो चला है अभद्र



दिलीप कुमार पाठक

## राष्ट्रीय शालीनता दिवस पर विशेष




आज 14 मई है। कैलेंडर कहता है कि आज राष्ट्रीय शालीनता दिवस है। सुनने में थोड़ा अजीब लग सकता है कि क्या अब शालीन रहने के लिए भी कोई खास दिन तय करना पड़ेगा? लेकिन अपने आसपास की डिजिटल दुनिया, सोशल मीडिया के कमेंट बॉक्स और टीवी बहसों नेताओं के भाषण या आसपास के शोर को देखिए, तो अहसास होगा कि शायद आज के दौर में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। हम तरक्की तो बहुत कर रहे हैं, चांद पर पहुंच रहे हैं, लेकिन हमारी जुबान और व्यवहार से तमीज का रंग उतरता जा रहा है। खासकर इंटरनेट की दुनिया में तो ऐसा लगता है जैसे बदतमीजी करना ही नया फैशन या कूल दिखने का जरिया बन गया है। हमारे बुजुर्ग कहते थे कि इंसान की असली पहचान उसके कपड़ों या उसकी दौलत से नहीं, बल्कि उसकी बोली से होती है। शब्द इंसान के भीतर के संस्कारों का आईना होते हैं। लेकिन आज की हकीकत कुछ और ही है।

फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स ने हमें एक नकाब दे दिया है। मोबाइल स्क्रीन के पीछे छिपे हम लोग खुद को बहुत बड़ा सूरमा समझने लगे हैं। हम वो बातें बड़ी आसानी से लिख देते हैं, जो शायद किसी के सामने खड़े होकर कहने की हिम्मत न हो। अगर किसी की बात हमें पसंद नहीं आती, तो हम उसे अपनी बात तर्क से समझाने के बजाय सीधा गाली-गलौज पर उतर आते हैं। उसे नीचा दिखाने के लिए उसके परिवार को बीच में ले आते हैं या उसे कोई नफरत भरा टैग दे देते हैं। यह जो ट्रोल कल्चर बढ़ रहा है, उसने हमारे समाज से संवाद की मिठास को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि अब अपशब्द बोलना एक तरह की बहादुरी मान लिया गया है। इसमें बहुत बड़ा हाथ हमारी आज की लोकप्रिय संस्कृति का भी है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आने वाली वेब सीरीज हो या स्टैंड-अप कॉमेडी, वहां गालियों को संवाद का जरूरी हिस्सा बना दिया गया है। जब बड़े पर्दे पर या मोबाइल स्क्रीन पर नामी सितारे गाली देते हैं, तो हमारे घर के बच्चों को लगता है कि शायद यही आज की आधुनिक भाषा है। उन्हें लगता है कि तमीज और अदब से बात करना तो पुराने जमाने के लोगों का काम है। नतीजा यह है कि आज का युवा वर्ग अपनी बात में वजन पैदा करने के लिए तर्कों का नहीं, बल्कि अभद्र शब्दों का सहारा ले रहा है।

उन्हें लगता है कि जो जितना तीखा और गंदा बोलेगा, वह उतना ही प्रभावशाली दिखेगा। सिर्फ सोशल मीडिया ही क्यों, हमारी टीवी बहसों को देख लीजिए। वहां जो प्रवक्ता जितनी जोर से चिल्लाता है और दूसरे को बोलने से रोकता है, उसे ही दमदार मान लिया जाता है। हमने एक ऐसी धारणा बना ली है कि जो विनम्र है, वो कमजोर है और जो बदतमीज है, वो ताकतवर। जबकि सच तो यह है कि चिल्लाने के लिए सिर्फ फेफड़ों का शोर चाहिए, लेकिन शांत रहकर अपनी बात मजबूती और गरिमा के साथ कहने के लिए बहुत बड़े आत्म-नियंत्रण की जरूरत होती है। शालीनता का मतलब डरना या चुप रहना कतई नहीं है। हमारे देश के बड़े-बड़े महापुरुषों ने दुनिया बदल दी, सत्ता की चूलें हिला दीं, लेकिन उनकी भाषा में कभी गन्दगी नहीं दिखी। गांधी जी, नेहरू जी, शास्त्री जी या कलाम साहब जैसे लोगों की बातों में वजन था, कड़वाहट नहीं। उनके विरोध में भी एक शालीनता थी, जो सामने वाले को सोचने पर मजबूर कर देती थी। आज हम इंटरनेट के जरिए पूरी दुनिया से जुड़ तो गए हैं, लेकिन एक-दूसरे के दिलों के लिए जगह खोते जा रहे हैं। कीबोर्ड पर टाइप करती हमारी उंगलियां अक्सर यह भूल जाती हैं कि फोन के दूसरी तरफ भी एक जीता-जागता इंसान बैठा है, उसके भी जज्बात हैं। हमारी एक छोटी सी अभद्र टिप्पणी किसी को कितना मानसिक दुख पहुँचा सकती है, इसका हमें अहसास तक नहीं होता। अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब यह नहीं है कि हम अपनी मर्यादा ही भूल जाएं। आज़ादी हमेशा जिम्मेदारी के साथ आती है, और एक नागरिक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी भाषा की गरिमा बनाए रखें। वक्त आ गया है कि हम अपनी मोबाइल स्क्रीन से बाहर निकलकर अपनी आदतों पर गौर करें। यह दिन हमें याद दिलाए कि हम इंसान हैं और हमारी सबसे बड़ी खूबसूरती हमारी भाषा की तमीज है। अगर हम अपनी भाषा और व्यवहार में शालीनता वापस नहीं ला सकते, तो हमारी सारी पढ़ाई-लिखाई, डिग्रियां और आधुनिक गैजेट्स किसी काम के नहीं हैं। शालीनता कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे बाजार से खरीदा जा सके, यह एक संस्कार है जो घर की दहलीज से शुरू होता है और हमारे व्यवहार में झलकता है। आइए, इस डिजिटल शोर के बीच थोड़ी सी खामोशी, थोड़ी तमीज और बहुत सारी इंसानियत वापस लाएं।

## सुविचार

सज्जन पुरुष बादलों के समान देने के लिए ही कोई वस्तु ग्रहण करते हैं।

**- कालिदास**

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है पर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।

**- तुलसीदास**

## प्रसंगत

### आम आदमी

एक बार प्रसिद्ध विद्वान हजरत अबू बकर सिद्दिकी को मदीना का वजीर नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद प्रश्न उठा कि इतने बड़े विद्वान की तनख्वाह कितनी हो। वहां के बादशाह भी कोई निर्णय नहीं ले सके। काफी देर माथापच्ची करने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि उनसे पूछ कर ही उनका वेतन तय किया जाए। बादशाह स्वयं उनके पास गए और उनके सामने अपनी समस्या रखी। अबू बकर ने कहा, 'जहांपनाह, यह तो कोई समस्या है नहीं। मैं कोई जनता से अलग तो हूं नहीं। बताइए, मदीना का एक औसत मजदूर महीने में कितना कमा लेता है?' बादशाह ने कहा, 'तकरीबन एक दीनार तो कमा ही लेता है।' अबू बकर ने कहा, 'ठीक है। मेरी तनख्वाह एक दीनार रखी जाए।' बादशाह हैरत में पड़ गए। बोले, 'क्या कहा आपने एक दीनार! इससे ज्यादा तो मेरा नौकर कमाता है। आपकी बराबरी एक नौकर से नहीं हो सकती।' अबू बकर ने कहा, 'आप मेरी बात नहीं समझ रहे हैं। आपने मुझे मुल्क का वजीर इसलिए बनाया है कि मैं यहां की गरीब जनता के हित में काम करूं। देश को तरक्की पर ले जाऊं। लेकिन जब मुझे यहां के आवाम के दर्द का पता ही नहीं चलेगा तो मैं कैसे उनके हित की बात सोचूंगा।

# नीट पेपर लीक: शिक्षा व्यवस्था पर कलंक, टूटते सपने और व्यवस्था की भयावह विफलता

**कांतिलाल मांडोत**

भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल एक परीक्षा नहीं होतीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के भविष्य, परिवारों की उम्मीदों और वर्षों की मेहनत का परिणाम होती हैं। मेडिकल जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में प्रवेश पाने के लिए छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं। कई छात्र गांवों की कठिन परिस्थितियों से निकलकर, आर्थिक अभाव झेलकर और मानसिक दबाव सहकर परीक्षा की तैयारी करते हैं। ऐसे में जब नीटजैसी राष्ट्रीय परीक्षा में पेपर लीक, सॉल्वर गैंग और करोड़ों की डील का खुलासा होता है, तो यह केवल एक परीक्षा घोटाला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न बन जाता है।

भारत पहले भी कई बड़े पेपर लीक घोटाले देख चुका है। उत्तर प्रदेश शिक्षक भर्ती परीक्षा, रेलवे भर्ती परीक्षा, राजस्थान शिक्षक भर्ती, मध्यप्रदेश व्यापमं घोटाला और 2024 के नीट विवाद ने पहले ही युवाओं का भरोसा कमजोर कर दिया था। 2024 में बिहार और झारखंड में पेपर लीक के आरोप सामने आए थे। कई गिरफ्तारियां हुईं, लेकिन तब भी पूरी परीक्षा रद्द नहीं हुई। छात्रों के मन में यह सवाल रह गया कि क्या मेहनत का कोई मूल्य बचा है? अब 2026 में फिर वही कहानी सामने आई है, लेकिन इस बार मामला और भी गंभीर दिखाई देता है।

नीट 2026 परीक्षा रद्द होने के पीछे बिहार और राजस्थान से सामने आए खुलासों ने पूरे देश को झकझोर दिया। बिहार के नालंदा में पुलिस ने जिस सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़ किया, उसने यह साबित कर दिया कि परीक्षा माफिया कितनी गहराई तक अपनी जड़ें जमा चुका है। 50 से 60 लाख रुपये में एक सीट की डील होना केवल अपराध नहीं, बल्कि शिक्षा के व्यवसायीकरण का भयावह चेहरा है। यह गिरोह असली अभ्यर्थियों की जगह सॉल्वर बैठाने की तैयारी कर रहा था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इसका मास्टरमाइंड एक मेडिकल कॉलेज का छात्र निकला। जिस युवा को भविष्य में डॉक्टर बनकर लोगों की जान बचानी थी, वही शिक्षा व्यवस्था को संक्रमित करने में लगा था। राजस्थान में सामने आए 'हाथ से लिखे गेस पेपर' ने इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया। जांच में पता चला कि परीक्षा से पहले छात्रों तक ऐसे प्रश्न पहुंच चुके थे, जिनमें से बड़ी संख्या असली परीक्षा में आई। यदि यह केवल संयोग माना जाए, तब भी इतने बड़े स्तर पर सवालों का मिलान होना सामान्य नहीं कहा जा सकता। इससे यह आशंका और मजबूत हो जाती है कि परीक्षा प्रणाली के भीतर कहीं न कहीं गंभीर सेंध लगी है।

सबसे बड़ा नुकसान उन लाखों छात्रों का हुआ है जिन्होंने ईमानदारी से तैयारी की थी। करोड़ों परिवारों ने अपने बच्चों को कोचिंग दिलाने के लिए जमीन बेची, कर्ज लिया और अपनी जरूरतों को त्याग दिया। कई छात्र दिन में 12-14 घंटे पढ़ाई करते हैं। वे सामाजिक जीवन छोड़ देते हैं, मनोरंजन छोड़ देते हैं और केवल एक लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं। लेकिन जब परीक्षा रद्द होती है, तो उनकी महीनों की मेहनत और मानसिक संतुलन दोनों पर गहरा आघात पड़ता है। एक छात्र की मानसिक स्थिति को समझना बेहद जरूरी है।

## जरा हटके

# मंगल की यात्रा का समय आधा कर सकती है नई खोज

**वॉशिंगटन** । ब्राजील की स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्दर्न रियो डी जेनेरियो के कॉस्मोलॉजिस्ट मार्सेलो डी ओलिवेरा सूजा ने रिसर्च के दौरान गलती से एक ऐसा संभावित रास्ता खोज निकाला, जो भविष्य में मंगल की यात्रा का समय आधा कर सकता है। ताजा अध्ययन के अनुसार, आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष यात्री एक साल से भी कम समय में मंगल ग्रह तक जाकर वापस पृथ्वी पर लौट सकते हैं। यह खोज इसलिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि अभी तक मंगल मिशन की कुल अवधि लगभग तीन साल मानी जाती रही है। यदि यह नई तकनीक सफल होती है, तो यह अंतरिक्ष विज्ञान में बड़ा बदलाव ला सकती है। दरअसल, इस खोज की शुरुआत वर्ष 2015 में हुई थी, जब मार्सेलो डी ओलिवेरा सूजा पृथ्वी के नजदीक आने वाले एस्टेरॉयड्स पर अध्ययन कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने '2001 सीए21' नामक एक एस्टेरॉयड के शुरुआती आंकड़ों का विश्लेषण किया। शुरुआती डेटा में यह एस्टेरॉयड पृथ्वी और मंगल दोनों की कक्षाओं को पार करता दिखाई दिया। हालांकि बाद में अधिक सटीक जानकारी मिलने पर इसका वास्तविक रास्ता अलग निकला, लेकिन शुरुआती अनुमान ने वैज्ञानिक को एक नया विचार दे दिया। सूजा ने महसूस किया कि यदि कोई स्पेसक्राफ्ट उसी तरह की ज्योमेट्री और ऑर्बिटल पथ का इस्तेमाल करे, तो मंगल तक बेहद कम समय में पहुंचा जा सकता है। उनकी गणनाओं के अनुसार, अक्टूबर 2020 जैसे विशेष ग्रहों के अलाइनमेंट के दौरान पृथ्वी से मंगल तक का सफर केवल 34 दिनों में पूरा किया जा सकता था। हालांकि इस योजना के सामने बड़ी तकनीकी चुनौतियां भी हैं। इतनी तेज यात्रा के लिए स्पेसक्राफ्ट को लगभग 32.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से उड़ना होगा, जो मौजूदा रॉकेट तकनीक की क्षमता से काफी आगे है। इसके अलावा इतनी रफ्तार से मंगल की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग करना भी अभी संभव नहीं माना जाता। इसके बावजूद इस रिसर्च ने वैज्ञानिकों को यह विश्वास दिलाया है कि मंगल तक पहुंचने के लिए छोटे और तेज रास्ते वास्तव में मौजूद हो सकते हैं। वैज्ञानिकों ने 2027, 2029 और 2031 में पृथ्वी और मंगल के संभावित अलाइनमेंट का भी अध्ययन किया। इनमें 2031 को सबसे उपयुक्त समय माना गया है। स्टडी के मुताबिक, यदि उस समय उपलब्ध तकनीक का सही इस्तेमाल किया जाए तो मंगल की पूरी राउंड ट्रिप केवल 153 दिनों यानी लगभग पांच महीनों में पूरी हो सकती है। योजना के अनुसार, स्पेसक्राफ्ट 20 अप्रैल 2031 को पृथ्वी से रवाना होकर 23 मई को मंगल पहुंचेगा। वहां लगभग 30 दिन बिताने के बाद 22 जून को वापसी शुरू होगी और 20 सितंबर तक यान पृथ्वी पर लौट आएगा।

## फोटो ऑफ द डे



केन्स में फ्रांस की अभिनेत्री बेल रेट कान्स फिल्म समारोह के उद्घाटन समारोह में रेड कारपेट पर नजर आयीं।

## कविता

# नकली कीमत, असली दिवालियापन

यहाँ इंसान नहीं, रेट चलते हैं,
चेहरों पर प्राइस टैग पलते हैं,
जिसका भाव ऊँचा—वही महान,
बाकी सब बस भीड़ में गलते हैं।
रिश्ते अब रिश्ते कहाँ रहे,
ये तो बस डील और ऑफर हैं,
आज तुम साथ तो स्पेशल हो,
कल सस्ते पड़े तो आउट ऑफ स्टॉक हो।
वफादारी? — वो पुराना मॉडल है,
अब ट्रेंड में अपग्रेड चल रहा है,
साथ निभाना बेवकूफी है,
साथ बदलना ही स्मार्ट बन रहा है।
सेकेंड हैंड आत्मा लिए लोग,
फर्स्ट क्लास दिखावा करते हैं,
टूटे किरदार फेवीक्विक से जोड़,
खुद को ब्रांडेड बताते हैं।
ऊपर से चमचम, अंदर से जंग,
यही आज का सच बाजार है,



ईमानदारी डिस्काउंट में पड़ी है,
झूठ प्रीमियम अवतार है।
बाल सफेद क्या हुए जनाब,
तुरंत रंग का ठेका ले लिया,
उम्र को धोखा देकर सोचा,
समय को भी खरीद लिया।
धन से इज्जत, तन से आकर्षण,
समय से रिश्ते नाप रहे हैं,
तीनों लुटाकर भी लोग यहाँ
खुद को ही धोखा दे रहे हैं।
सस्ता आम मीठा निकला,
महँगा फिर भी कड़वा है,
पर यहाँ स्वाद नहीं बिकता—
यहाँ सिर्फ पैकिंग का धंधा है।
खुद से जो रोज हार रहा है,
वो दुनिया जीतने निकला है,
दो पल की हँसी खरीदकर,
खुशियों का ठेका लिखवा रहा है।
हर दिन नया चेहरा पहनकर,
आईने से आँख चुराता है,
अस्तित्व बचाने के चक्कर में,
खुद का ही गला दबाता है।
और फिर रोता है—समाज बिगड़ गया, समाज को समझाने
चलते हो लाश के साथ रात
बिताने वाले यह तो सोच
अरे भाई, तू खुद कब सुधरा था?
क्योंकि सच्चाई तो ये है—
बर्बाद-ए-गुलिस्ताँ करने को
एक ही उल्लू काफ़ी था,
अब हर शाख़ पे उल्लू बैठा है—
अंजाम-ए-वफ़ा क्या होगा।

**प्रदीप सक्सैना**

## चिंतन-मनन

### संत का धन

उन दिनों विजय नगर में संत पुरंदर की ख्याति बढ़ती ही जा रही थी। हर प्रकार के मोह-माया से मुक्त त्यागमूर्ति पुरंदर अपनी पत्नी के साथ नगर से बाहर एक कुटिया में रहते थे और भिक्षा मांग कर गुजारा करते थे। उनके नाम की चर्चा उड़ते-उड़ते राजा कृष्णदेव राय तक भी पहुंची। उन्हें लगा कि उन्हें संत के लिए कुछ करना चाहिए। एक दिन उन्होंने तेनालीराम से कहा- जाओ संत पुरंदर से कहो कि वे भिक्षा के लिए दर-दर न भटकें और केवल राजमहल से भिक्षा लिया करें। राजा ने इसी बहाने उनकी दरिदता दूर करने का उपय सोच लिया था। अब संत रोज राजमहल आने लगे। उन्हें भिक्षा में अनाज के साथ छोटे-मोटे कीमती पत्थर भी दिए जाते थे। राजा को लगता था कि संत के पास जल्दी ही अच्छी-खासी संपत्ति जमा हो जाएगी। पर मन में सवाल भी उठता था कि आखिर ये कैसे संत हैं जो ये कीमती रत्न स्वीकार कर रहे हैं। कहीं ये संत होने का ढोंग तो नहीं कर रहे। एक दिन राजा और तेनालीराम भेस बदलकर संत की कुटिया में पहुंचे। राज को देखकर हैरत हुई कि संत की कुटिया में कोई बदलाव नहीं आया था। उनकी पत्नी चावल बीनते हुए बुदबुदा रही थीं कि पता नहीं कहां से कंकड़-पत्थर आ जाते हैं। राजा ने चावल हाथ में लेकर कहा-पर ये तो हीरे-मोती हैं। इनसे आपकी दरिदता दूर हो सकती थी। संत की पत्नी ने कहा-हमारे लिए तो ये कंकड़-पत्थर ही हैं। धन और विनम्रता ही हमारा धन है।

## स्वास्थ्य

# जुड़वा बहनों के पिता अलग-अलग, डीएनए जांच में हुआ खुलासा

**लंदन,** । ब्रिटेन में सामने आए एक दुर्लभ और चौंकाने वाले मामले ने दुनिया को हैरानी में डाल दिया है। यहां 49 साल की जुड़वा बहनों को डीएनए जांच के बाद पता चला कि उनके बायोलॉजिकल पिता अलग-अलग हैं। एक ही मां की कोख से जन्म लेने वाली इन बहनों की कहानी अब दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह घटना बेहद दुर्लभ है और मेडिकल साइंस के इतिहास में ऐसे मामले बहुत कम दर्ज किए गए हैं। मिशेल ऑस्बॉर्न और लवीनिया ऑस्बॉर्न नाम की इन जुड़वा बहनों को लंबे समय से अपने परिवार को लेकर कुछ शक था। मिशेल को हमेशा महसूस होता था कि उनकी शक्ल उस व्यक्ति से मेल नहीं खाती, जिसे वह अपना पिता मानती थीं। इसी शक को दूर करने के लिए उन्होंने घर पर इस्तेमाल होने वाली डीएनए जांच किट मंगाई। रिपोर्ट सामने आने के बाद उन्हें पता चला कि जेम्स नाम का व्यक्ति उनके असली पिता नहीं हैं। इस खुलासे ने मिशेल को पूरी तरह हैरान कर दिया।

इसके बाद लवीनिया ने भी अपनी सच्चाई जानने के लिए डीएनए टेस्ट कराया। जांच के नतीजों ने और बड़ा रहस्य उजागर कर दिया। रिपोर्ट में सामने आया कि दोनों बहनों के पिता अलग-अलग हैं। यह जानकर परिवार के लोग भी हैरान रह गए। मेडिकल विशेषज्ञों के मुताबिक इस दुर्लभ प्रक्रिया को 'हेटेरोपैटरनल सुपरफेकंडेशन' कहा जाता है।

# दक्षिण कोरिया की मिसाइल ने बढ़ाई चीन, अमेरिका की टेंशन



**सियोल।** प्रशांत महासागर के रणनीतिक जलक्षेत्र में अमेरिका और चीन के बीच जारी वर्चस्व की जंग अब आसमान के उस छोर पर पहुंच गई है, जहां जीत का फैसला मिसाइलों की रफ्तार और अचूक मारक क्षमता से होगा। इसी महाशक्ति संघर्ष के बीच दक्षिण कोरिया ने अपनी रक्षा कंपनी हनवा एयरोस्पेस के माध्यम से एक ऐसा दांव चला है, जिसने वैश्विक रक्षा विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। दक्षिण कोरिया द्वारा विकसित की जा रही लॉन्ग रेंज एयर टू एयर मिसाइल केवल एक हथियार नहीं, बल्कि उस एशियाई चक्रव्यूह का जवाब है जिसने अब तक पश्चिमी तकनीक पर निर्भरता बनाए रखी थी।

हनवा एयरोस्पेस की यह मिसाइल दक्षिण कोरिया के स्वदेशी लड़ाकू विमान केएफ-21 बोरामे को एक अजेय शक्ति प्रदान करेगी। इसे अक्सर कोरियन मीटियर कहा जा रहा है, क्योंकि इसका उद्देश्य यूरोपीय मीटियर मिसाइलों पर निर्भरता को खत्म करना है। इस मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत इसका डक्टेड रैमजेट प्रोपल्शन सिस्टम है। पारंपरिक रॉकेटों के विपरीत, यह इंजन उड़ान के दौरान वायुमंडल से ऑक्सीजन खींचकर ईंधन जलाता है, जिससे ऑक्सीडाइजर ले जाने की जरूरत नहीं पड़ती और मिसाइल हल्की होने के बावजूद लंबी दूरी तय कर पाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस मिसाइल की मारक क्षमता 200 किलोमीटर से अधिक होने का अनुमान है।

## मैं अमेरिका के कुछ लोगों की परवाह नहीं करता-ट्रंप

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दो दिवसीय दौरे पर चीन पहुंचे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं की मौजूदगी में अमेरिका और चीन के राष्ट्रगान बजाए गए। ट्रंप और शी ने रेड कार्पेट पर चलते हुए सैन्य गार्ड का निरीक्षण किया। समारोह स्थल पर मौजूद दर्जनों बच्चों ने फूलों के साथ नेताओं का अभिवादन किया। बीजिंग में बातचीत के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग की तारीफ करते हुए कहा कि चीनी नेता के साथ उनके बेहद शानदार रिश्ते हैं और दोनों देशों के संबंध पहले से भी ज्यादा बेहतर होने वाले हैं। ट्रंप ने शी को एक महान देश का महान नेता भी बताया और कहा कि अमेरिका में कुछ लोगों की आलोचना के बावजूद वह यह बात खुले तौर पर कहते हैं।



जासूसी मिशन के दौरान समुद्र में समाया दुनिया का सबसे बड़ा प्लेन।

# पाकिस्तानी एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान आया नजर, अमेरिका चिंतित

## चीन की सेटेलाइट कंपनी ने जारी की तस्वीर, दावा- ईरान का हो सकता है यह विमान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को लेकर बड़ा खुलासा अब सामने आया है, जिसने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। चीन की सेटेलाइट तस्वीर कंपनी ने एक ऐसी तस्वीर जारी की है, जिसमें एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान दिखाई दिया है। दावा किया जा रहा है कि यह विमान ईरान का हो सकता है। इस खबर के सामने आते ही अमेरिका समेत कई देशों में बहुत ज्यादा चिंता बढ़ गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये तस्वीरें अप्रैल 2026 की है। पाकिस्तान के बेहद अहम नूर खान एयरबेस पर खड़ा एक ऐसा विमान दिख रहा है जिसका रंग और डि?इन पाकिस्तान एयरफोर्स के विमानों से बहुत अलग है। विमान पर रेगिस्तानी इलाके में




इस्तेमाल होने वाला सैंड कैमोफ्ला? पेंट किया गया है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान आमतौर पर ग्रे रंग के सैन्य विमान इस्तेमाल करता है। जबकि यही खास पैटर्न ईरान की एयरफोर्स अपने सी130 विमानों में इस्तेमाल करती है।

यही वजह है कि अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या पाकिस्तान अपने एयरबेस में ईरानी सैन्य विमानों को छिपा कर रख रहा है। कुछ अमेरिकी रिपोर्ट्स में पहले भी आशंका जताई गई थी कि पाकिस्तान गुप्त रूप से ईरान को मदद पहुंचा रहा है और इसके विमानों को सुरक्षित जगह दे रहा है। इस पूरे मामले में इसलिए भी ज्यादा तूल पकड़ लिया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन के दौरे पर हैं। ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति सी जिनपिंग की मुलाकात से पहले इन तस्वीरों का सामने आना बेहद अहम माना जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक माना जा रहा है कि चीन ने जानबूझकर यह तस्वीरें जारी की है ताकि पाकिस्तान की भूमिका दुनिया के सामने लाई जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह साबित हो जाता है कि पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी तो अमेरिका नाराज हो सकता है। पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक और सैन्य मदद के लिए अमेरिका पर निर्भर रहा है। ऐसे में यह खुलासा उसके लिए बहुत बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकता है।

# ब्रिटेन में भारतीय ट्रांसजेंडर छात्र बना स्कॉटलैंड का सांसद

**लंदन।** ब्रिटेन से हाल के दिनों में सामने आई दो विपरीत खबरों ने वैश्विक राजनीति और सामाजिक ढांचे को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। इस नीतिगत बदलाव का सबसे सुखद परिणाम भारतीय छात्र क्यू मणिवन्नन की जीत के रूप में सामने आया है। मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले मणिवन्नन यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट ऐंड्रूज से पीएचडी कर रहे थे। स्कॉटिश ग्रीन्स पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि छात्र वीजा पर रहते हुए सांसद बनने वाले पहले भारतीय और ट्रांसजेंडर प्रतिनिधि बनकर इतिहास रच दिया। मणिवन्नन की यह जीत जहां एक वर्ग के लिए लोकतंत्र की जीत है, वहीं दूसरा वर्ग इसे लेकर सवाल उठा रहा है। ब्रिटेन की जमीन पर उपजी ये दो अलग-अलग धाराएं भविष्य की अंतरराष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

एक तरफ इंग्लैंड में प्रवासियों के प्रति स्थानीय लोगों का गुस्सा चरम पर पहुंच रहा है, तो दूसरी तरफ स्कॉटलैंड ने समावेशी लोकतंत्र की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। ये दोनों ही घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि आने वाले समय में पहचान की राजनीति और प्रवास वैश्विक विमर्श के सबसे संवेदनशील मुद्दे बनने वाले हैं। इंग्लैंड में हाल ही में संपन्न हुए स्थानीय परिषद चुनावों के परिणामों ने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया है। सत्ताधारी लेबर पार्टी को इन चुनावों में भारी नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि मुख्य विपक्षी दल कंजरवेटिव पार्टी को भी इसका सीधा लाभ नहीं मिला।

## ईरान युद्ध के बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने किया था यूएई का 'सीक्रेट दौरा'

**तेलअवीव।** पश्चिम एशिया की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के एक दावे ने पूरे क्षेत्र में सस्पेंस और तनाव बढ़ा दिया है। नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान युद्ध के दौरान उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात का 'सीक्रेट दौरा' किया था और वहां राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से मुलाकात की थी। हालांकि यूएई ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। नेतन्याहू के दफ्तर के मुताबिक 26 मार्च को ओमान सीमा के पास अल ऐन शहर में दोनों नेताओं के बीच घंटों बातचीत हुई थी। इसे इजराइल-यूएई संबंधों में 'ऐतिहासिक सफलता' बताया गया, लेकिन यूएई के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर साफ कहा कि उनके और इजराइल के रिश्ते पहले से सार्वजनिक हैं और किसी 'गुप्त बैठक' का दावा बेबुनियाद है।



सोफी की कप्तानी में टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट में उतरेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम।

# नीरज चोपड़ा का रोम डायमंड लीग में खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अगले माह रोम में होने वाले डायमंड लीग भाला फेंक टूर्नामेंट में शायद ही खेल पायें। इसका कारण है कि नीरज अब तक अपनी पीठ की चोट से नहीं उबर पाये हैं। इसी कारण 4 जून को इटली में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए शुरुआती सूची में नीरज का नाम शामिल नहीं है। नीरज अगर नहीं उतरते हैं तो ये प्रशंसकों के लिए निराशाजन होगा। नीरज पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से ही फिटनेस से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे थे। इसी कारण अभी वह तुर्की में रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। अभी उनका लक्ष्य पूरी तरह से फिटनपेस हासिल करना है।

वहीं भारत के ही युवा खिलाड़ी सचिन यादव इस टूर्नामेंट से




डायमंड लीग में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। सचिन ने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में नीरज के नहीं खेलने पर वह भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करते हुए 86.27 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था और एक टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल किया था। रोम में दुनिया के कुछ शीर्ष एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा से भी सचिन को लाभ होगा।

रोम डायमंड लीग में चेक गणराज्य के याकूब वाडलेज और जर्मनी के जूलियन वेबर शामिल जैसे दिग्गज भी शामिल रहेंगे। इसके अलावा पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने का प्रयास करेंगे।

श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराज इस सीज़न की शुरुआत में 89.37 मीटर का प्रभावशाली थ्रो दर्ज करने के बाद में इस इवेंट में एक बड़े दावेदार के तौर पर उतरेंगे। ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर, अमेरिकी एथलीट कर्टिस थॉम्पसन और पोलैंड के डेविड वेगनर भी यहां नजर आयेंगे।।

## सुपर जायंट्स को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी सीएसके


**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला करेगी। सुपर जायंट्स की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका प्रयास इस मैच में जीत के साथ ही अपने सत्र का समापन करना रहेगा। दूसरी ओर सीएसके के लिए ये मैच बेहद अहम है। उसे अपने प्लेऑफ की उम्मींदें बनाये रखने ये मैच हर हाल में जीतना होगा।

सीएसके के अभी 11 मैचों में 12 अंक लेकर 5वें स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने सभी बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।

आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो ही टीमों के बीच अब तक 7 मुकाबले हुए हैं। इसमें से तीन सुपर जायंट्स ने जबकि इतने ही सीएसके ने जीते हैं।

कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की सीएसके के पास संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज हैं। सैमसन ने अब तक इस सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और सीएसक को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। टीम के पास गेंदबाजी में अंशुल कंबोज के अलावा नूर अहमद जैसे स्पिनर है। टीम को जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखा जाये तो सीएसके जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। वहीं ऋषभ पंत की कप्तानी में उतर रही सुपर जायंट्स का प्रदर्शन सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल तीन मैच जीतकर 6 अंक हासिल कर पायी है।

# सीएसके के तेज गेंदबाज ओवरटन चोटिल होकर बाहर हुए



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले से ही अपने खिलाड़ियों की खराब फिटनेस से परेशान सीएसके का एक और खिलाड़ी चोटिल होकर बाहर हो गया है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन भी जांघ में खिंचाव के बाद स्वदेश लौट गए हैं। फ्रेंचाइजी ने ये जानकार सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की है। इससे टीम को अब लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में ओवरटन का विकल्प खोजना पड़ेगा।

ओवरटन को हालांकि फ्रेंचाइजी ने अभी आधिकारिक तौर पर सत्र से बाहर नहीं किया है पर माना जा रहा है कि उनकी चोट गंभीर है, इसलिए उनकी वापसी शायद ही संभ हो। ओवरटन को तेज गति और ऑलराउंडर होने के कारण टीम में जगह मिली थी। उम्मीद की जा रही थी कि वह मध्य के ओवरों में टीम की गेंदबाजी संभालेंगे पर अब उनके बाहर होने से टीम को रणनीति बदलने के साथ ही उनका विकल्प खोजना होगा।

यह पहली बार नहीं है जब चेन्नई सुपर किंग्स इस सीजन में चोटों से परेशान हुई है। इससे पहले भी टीम के कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होकर बाहर हो चुके हैं, जिससे टीम प्रबंधन को लगातार संयोजन में बदलाव करने पड़े हैं। हाल ही में, रामकृष्णा घोष की जगह कर्नाटक के मैकनील नोरोन्हा को टीम में शामिल किया गया था। अब ओवरटन जैसे ऑलराउंडर के बाहर होने से टीम को उनकी कमी खलेगी, जिससे विदेशी खिलाड़ियों के संयोजन में और बदलाव करने पड़ सकते हैं। टीम को अब अन्य तेज गेंदबाजी विकल्पों, जैसे कि घरेलू प्रतिभाओं या बचे हुए विदेशी खिलाड़ियों में से किसी एक को मौका देने के बारे में सोचना होगा।

# फीफा विश्व कप के मेगा हाफटाइम शो में नजर आयेंगी मैडोना, बीटीएस और शकीरा



**लॉस एंजेलिस।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मेगा हाफटाइम शो में इस बार पॉप सिंगर मैडोना, पॉप स्टार शकीरा के अलावा दक्षिण कोरिया की बीटीएस भी कार्यक्रम पेश करेगी जबकि उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही कार्यक्रम पेश करेंगी। इस प्रकार ये विश्वकप दूनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस विश्वकप में अमेरिकी सुपर बाउल की तरह ही एक मेगा हाफटाइम शो का आयोजन भी किया जाएगा।

फीफा ने हाल ही में एक टीजर वीडियो जारी कर इस मेगा इवेंट की घोषणा की है। इस वीडियो में मशहूर संगीतकार क्रिस मार्टिन और लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर एल्मो के साथ मपेट शो के कई किरदार भी दिखे। जिन्होंने मैडोना, बीटीएस और शकीरा जैसे ग्लोबल आइकॉन के नामों की घोषणा की। इसके बाद से ही सोशल मीडिया में प्रशंसकों में उत्साह है।

इस हाफटाइम शो से होने वाली संपूर्ण कमाई फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड को दान की जाएगी। इस नेक पहल का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के जरूरतमंद बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फुटबॉल की बेहतर सुविधाएं पहुंचाना है। इस फंड के माध्यम से लगभग 100 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लाखों बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को न्यू जर्सी में खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून से होगा। बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही भी समारोह में कार्यक्रम पेश करेंगी।

## विराट ऑरेंज कैप की दौर में तीसरे नंबर पर भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में नंबर एक पर पहुंचे

**रायपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद एक बार फिर ऑरेंज और पर्पल कैप दावेदारों में बदलाव आया है। केकेआर के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर आरसीबी के विराट कोहली एक बार फिर ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में भी आरसीबी के ही भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर पहुंच गये हैं। विराट ने केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रनों की तेज पारी खेली। यह कोहली के आईपीएल करियर का नौवां शतक था, जिसने उन्हें ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। वहीं, गेंदबाजी सूची में सनराइजर्स हैदराबाद के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल सर्जन डॉ वर्मा को पितृ शोक

**सेवानिवृत जिला न्यायाधीश के के वर्मा का दुःखद निधन**



**कटनी (ब्यूरो)।** जिला अस्पताल में पदस्थ डा यशवंत वर्मा के पिता केके वर्मा का बुधवार की शाम दु:खद निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे और जिला न्यायाधीश पद से सेवानिवृा हुए थे। उन्होंने माधव नगर स्थित निज निवास में अंतिम सांस ली।स्वर्गीय श्री वर्मा का अंतिम संस्कार नदीपार मुतिधाम में किया गया। जिसमे बड़ी संया में उनके स्नेही सुधि जनो ने हिस्सा लेते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रिटायर्ड हाईकोर्ट जज अनिल वर्मा , डॉ दिलीप वर्मा एवं राजेश वर्मा के पिता और सतना नगर निगम के मेयर योगेश ताम्रकार और डॉ सुनीता वर्मा के ससुर हैं। स्वर्गीय श्री वर्मा के असामयिक निधन से ताम्रकार समाज को अपूर्णीय क्षति है पहुंची है और शोक की लहर व्याप्त हो गई।

### तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को रौंदा

**दो युवकों की मौके पर ही मौत**

**कटनी (ब्यूरो)।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना सामने आई है। बरही-उमरिया मार्ग पर ग्राम करौंदी के पास एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार यात्री बस ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान सुखलाल कोल (27 वर्ष) निवासी बिच्छूपूरा और रामकिशन कोल (18 वर्ष) निवासी ग्राम कुड़ी (जिला उमरिया) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक ग्राम करेला में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम के बाद जब वे वापस लौट रहे थे, तभी करौंदी गांव के समीप बरही से उमरिया की ओर जा रही बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए।

हादसे की खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही। सूचना मिलते ही बरही पुलिस बल मौके पर पहुँचा और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। बरही थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने जानकारी दी कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटना में शामिल बस को जब्त कर लिया है, जिसे फिलहाल खितौली चौकी में खड़ा कराया गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर भागने की फिराक में रहे बस चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और दुर्घटना के स्पष्ट कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद से दोनों युवकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### साइबर ठगी कर युवक के खाते से निकाले 19.50 लाख

**कटनी (ब्यूरो)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बस्ती जगमोहन दास वार्ड निवासी एक युवक के बैंक खाते से करीब 19 लाख 50 हजार रुपए की रकम अलग-अलग किस्तों में निकाल ली गई। लंबे समय तक हुई इस धोखाधड़ी का खुलासा होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय मोहित छबलानी ने कोतवाली पहुंचकर बताया कि 15 जनवरी 2024 से 2 मई 2026 के बीच अज्ञात लोगों ने उनके खाते से कुल 19 लाख 50 हजार 878 रुपए निकाल लिए। रकम कई बार में ट्रांसफर की गई, जिससे शुरुआती दौर में उन्हें ठगी का अंदेशा नहीं हो सका। पुलिस ने बताया कि युवक ने ट्रेडिंग के नाम पर पहले 20 हजार रुपए जमा किए और उसके बाद वह कई बार रुपए जमा करता रहा। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उन बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और ऑनलाइन ट्रांजक्शन की जानकारी जुटा रही है, जिनके जरिए रकम निकाली गई। प्रारंभिक जांच में मामला ऑनलाइन निवेश, टास्क फ्रॉड या किसी साइबर जालसाजी से जुड़ा माना जा रहा है। मामले की जांच साइबर सेल की मदद से की जा रही है और आरोपियों के डिजिटल फुटप्रिंट खंगाले जा रहे है।

# नियमों के उल्लंघन पर महावीर ट्रेडिंग का लाइसेंस होगा निलंबित

**लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में खाद्य इकाइयों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**



**कटनी (ब्यूरो)।** जिले में खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वाली औद्योगिक इकाईयों का औचक निरीक्षण कर मिलावटी एवं गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने औद्योगिक क्षेत्र लमतरा स्थित खाद्य इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम को महावीर ट्रेडिंग कंपनी में सरसों, जो मसालों में उपयोग होती है, को फिल्टर कर बोरों में पैक कर बाजार में विक्रय किए जाने की जानकारी मिली। वहीं खाद्य पदार्थों का प्रोसेसिंग और स्टोरेज अत्यंत गंदगी व अस्वस्थ्यकर परिस्थितियों में पाया गया। इसके अलावा सरसों के फिल्टर किए गए वेस्ट से तेल निकालकर एक टैंक में संग्रहित किया गया था, जिसका सैंपल मांगने पर संचालकों द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री संचालक मौके पर मौजूद नहीं मिले और सूचना देने के बाद भी उपस्थित नहीं हुए। प्रभारी द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट तथा खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की जा सकी। टीम ने मौके से सरसों के दो सैंपल लेकर जांच हेतु राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए हैं। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुये फैक्ट्री का लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इसी क्रम में लमतरा स्थित क्षितिज फूड मसाला फैक्ट्री में भी निरीक्षण कर धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह पूरी कार्रवाई तहसीलदार श्री आकाश नीरज की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी एवं नियमों के उल्लंघन के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# महंत कमल नयनदास जी महाराज का लिया आशिर्वाद



**मैहर (ब्यूरो)।** मणीराम छावनी के महंत कमल नयनदास जी महाराज शास्त्री के उत्तराधिकारी नृत्य गोपालदास जी महाराज श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ अध्यक्ष अयोध्या एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अध्यक्ष का आगमन मैहर में आशा भवन सक्सेना कालोनी में हुआ। इस मौके पर ब्राम्हण समाज के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय एवं श्रीमती बाई पाण्डेय स्वागत बंदन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राजललन मिश्रा एवं वेद विद्यालय के आचार्य प्रशांत गौतम की उपस्थिति रही।

# नीट पेपर लीक के विरोध में फूटा युवाओं का गुस्सा



**आम आदमी पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग**

**कटनी (ब्यूरो)।** नीट पेपर लीक के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा सुभाष चौक में कल जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, अभिभावक, युवा एवं पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। युवाओं ने हाथों में ततियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदेश कोर कमेटी सदस्य प्रताप सिंह परमार ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि देश का युवा रात-रात भर जागकर पढ़ाई करता है, माता-पिता अपनी जिंदगी की जमा पूंजी बच्चों की पढ़ाई में लगा देते हैं, लेकिन भाजपा सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था युवाओं के सपनों को बार-बार कुचल रही है। नीट पेपर लीक केवल एक परीक्षा का मामला नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य की हत्या है। जब लगातार चौथी बार पेपर लीक हो रहा है तो यह साफ है कि सरकार शिक्षा व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल हो चुकी है। नैतिकता बची है तो शिक्षा मंत्री तुरंत इस्तीफा दें। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि '22 लाख छात्रों की मेहनत को सत्ता के संरक्षण में चल रहे शिक्षा माफियाओं ने तार-तार कर दिया। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने का सपना देखते हैं, लेकिन हर बार पेपर लीक उनके सपनों पर डाका डाल देता है। यह सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही, ऊपर से उनके भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। आम आदमी पार्टी सड़क से संसद तक इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। पार्टी ने कहा पेपर लीक की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जावे तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री नैतिकता के आधार पर स्तीफा दे। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जैन, युवा विंग अध्यक्ष अंकित खटीक, देवीदयाल यादव, कुंवर सिह रघुवंशी, रामसिया गुप्ता, संतोष सिंह, रामरतन नामदेव, राजकुमार कछवाहा, बाबूलाल विश्वकर्मा निकलेश निषाद, कमलेश ठाकुर, मोहित सेन, सन्नी सेन, सुदामा इदनानी, शिवचरण कुशवाहा, मंगल कोल, आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# बी.डी. अग्रवाल वार्ड में जर्जर भवन हटाने की कार्रवाई प्रारंभ

**निगम प्रशासन द्वारा सुरक्षा मानकों के साथ की जा रही कार्रवाई, भवन स्वामियों से स्वेच्छा से जर्जर भवन हटाने की अपील**



**कटनी (ब्यूरो)।** नगर में जन सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावनाओ को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में नगर निगम की टीम द्वारा गुरुवार प्रात: बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित एक जर्जर एवं मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन के खतरनाक हिस्से को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में निगमायुक्त द्वारा नगर के जर्जर भवनों की समीक्षा करते हुए जन सुरक्षा की दृष्टि से नगर के दुर्घटना संभावित जर्जर भवनों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में निगम प्रशासन द्वारा जर्जर भवनों पर नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। यह कार्यवाही नगर के अन्य जर्जर भवनों पर भी की जाएगी। कालोनी सेल प्रभारी एवं कार्यपालन यंत्री श्री अंशुमान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित उक्त भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में था तथा भवन के नीचे व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने के कारण क्षेत्र में दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। इस संबंध में निगम प्रशासन द्वारा संबंधित भवन स्वामी को पांच बार नोटिस जारी कर व्यावसायिक गतिविधियां बंद करते हुए जर्जर हिस्से को हटाने के निर्देश दिए गए थे। अंतिम नोटिस की निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के बाद जनहित एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा कटर मशीन एवं कर्मचारियों की सहायता से भवन के खतरनाक हिस्से को सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। गली संकरी होने के कारण यह कार्यवाही मैनुअल रूप से श्रमिकों द्वारा की जा रही है। कार्यवाही के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है तथा आसपास के क्षेत्र में आवश्यक सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा या जोखिम का सामना न करना पड़े।

**जागरूक भवन स्वामी ने दिखाई जिम्मेदारी, स्वेच्छा से हटा रहे जर्जर भवन**

**नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर एवं खतरनाक भवनों के संबंध में नोटिस जारी कर की गई कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी एक भवन स्वामी स्वयं आगे आकर अपने जर्जर भवनों को स्वेच्छा से हटाने की कार्रवाई कर प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। इस पहल से न केवल संभावित दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी, बल्कि नागरिकों के बीच सुरक्षा एवं जागरूकता का सकारात्मक संदेश भी प्रसारित हो रहा है। नगर निगम प्रशासन ने ऐसे सभी भवन स्वामियों से अपील की है, जिनके भवन निगम द्वारा जर्जर एवं मानव आवास हेतु अनुपयुक्त चिन्हित किए गए हैं, कि वे वर्षा पूर्व नियमानुसार स्वेच्छा से जर्जर भवनों को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को समय रहते रोका जा सके। अन्यथा की स्थिति में निगम प्रशासन द्वारा ऐसे भवनों के रिमूवल की कार्यवाही की जाएगी।**

# 12 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन, मिलेगी जलभराव से राहत



**कटनी (ब्यूरो)।** नगर निगम द्वारा शहर में विकास कार्यों को गति देते हुए डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में लगभग 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आधुनिक नाले का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद रेखा संजीव तिवारी एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की उपस्थिति रही। भूमिपूजन वार्ड स्थित दुर्गा देवी मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरिष्ठजन अशोक शर्मा एवं सुभाष गर्ग के करकमलों से संपन्न हुआ। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम सभी वार्डों में बिना भेदभाव के मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि नाला निर्माण से वर्षा ऋतु में होने वाली जलभराव की समस्या से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। वहीं पार्षद श्रीमती रेखा तिवारी ने कहा कि यह वार्डवासियों की लंबे समय से लंबित मांग थी, जिसे प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महापौर ने वार्ड की बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, पार्षद शकुंतला सोनी, संजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। भूमिपूजन के बाद जनप्रतिनिधियों ने श्री रामजानकी हनुमान मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव में शामिल होकर पूजा-अर्चना की तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# श्रीराम की कथा जीवन सुधारने के लिए और

**श्रीमद् भागवत की कथा मृत्यु सुधारने के लिए**



**मैहर (ब्यूरो)।** संगीतमई श्रीमद् भगवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन संगीता सुशील बाजपेयी के आयोजकत्व में किया जा रहा है। गुरूवार की कथा में व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य रामेश्वर नारायण जी महाराज ने बताया कि जीवन सुधारने के लिए श्रीराम कथा और मृत्यु सुधारने के लिए श्रीमद् भागवत की कथा सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मन को अपनी ओर आकर्षित कर ले वह श्रीकृष्ण हैं। श्रीमद् भागवत की कथा में पूर्ण परमात्मा की वंदना है। ब्रम्हर्ऋषि नारद के संदर्भ में बताया कि जो व्यक्ति को भक्ति के रास्ते पर ले जाय उसे नारद कहते हैं। चर्तुमास वृत के बारे में बताया कि संत अक्सर चर्तुमास का वृत रखते हैं जो अषाड़, श्रावण, भादौं और क्वांर मास तक रहता है। इस दरम्यिान वह भोजन का त्याग कर देते हैं फ्ल दूध और जल लेकर ही वृत करते हैं। उन्होंने बद्रीनाथ के दर्शन का महत्व बताते हुए कहा कि उनके दर्शन करने से व्यक्ति की दरिद्रता दूर हो जाती है। अंत में उन्होंने भक्त ध्रुव की कथा सुनाई। कथा में प्रमुख रूप से सुशील बाजपेयी, श्याम बाजपेयी, भुवन मिश्रा, कृष्णाधार शर्मा, टीआर बाजपेयी, प्रीतम सिंह, बीरेन्द्र द्विवेदी, रामस्वरूप शर्मा, नरेन्द्र गंगेले एवं आर.बी सिंह की उपस्थिति रही।

### ध्रुविका राठी ने 12वीं कक्षा में सर्वाधिक 98.6% अंक प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन



**हरदा (ब्यूरो)।** प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान राजस्थान मशीनरी के अमित राठी कृषि के क्षेत्र में कृषक भाइयों को खेती के लिए उन्नत उपकरण उपलब्ध कराते हैं उनकी पुत्री ध्रुविका राठी ने इंदौर के शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल से अध्ययन कर कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक 98.6त्न प्राप्त कर ध्रुविका राठी ने अपने परिवार में समाज का नाम गौरावित कर हरदा जिले का नाम रोशन किया परिवार को और पूरे जिले को गर्व है समस्त शिक्षा जगत और शुभचिंतकों ने उनके पूरे परिवार को बधाई घोषित की है।

# प्रशिक्षण वर्ग अनुशासन, नवाचार और संगठन शक्ति का बनेगा उदाहरण: विधायक शैलेन्द्र जैन

**कार्यकर्ताओं के सहयोग और सहभागिता से नया कीर्तिमान स्थापित करेगा प्रशिक्षण वर्ग – श्याम तिवारी**

**प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न**




**सागर (ब्यूरो)।** आगामी 17 एवं 18 मई को सागर में आयोजित होने वाले भाजपा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न व्यवस्था टोलियों के सदस्यों के साथ प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों, अनुशासन, आवास, भोजन, पंजीयन एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई।

बैठक में सागर विधायक श्री शैलेन्द्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्री श्याम तिवारी, संभागीय कार्यालय मंत्री डॉ. वीरेंद्र पाठक, प्रशिक्षण वर्ग टोली प्रभारी चैन सिंह ठाकुर, सह प्रभारी जगन्नाथ गुरैया, जिला महामंत्री चेतराम अहिरवार, सुमित यादव, मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, मेघा दुबे, नीरज यादव, नीलम अहिरवार एवं अनिल तिवारी मंचासीन रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री शैलेन्द्र जैन ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठनात्मक ऊर्जा, अनुशासन और नवाचार का प्रेरणादायी केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष श्री श्याम तिवारी जी के नेतृत्व में प्रशिक्षण वर्ग में आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए सर्वोत्तम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जो संगठन की कार्यशैली, आत्मीयता और कार्यकर्ता-केंद्रित सोच को दर्शाती हैं।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा कि जब व्यवस्थाएं उत्कृष्ट हों, तब सहभागिता भी उतनी ही प्रभावी, अनुशासित और प्रेरणादायी होनी चाहिए। विधायक श्री जैन ने कहा कि अनुशासन ही किसी भी प्रशिक्षण वर्ग की आत्मा होता है। बिना अनुशासन के संगठनात्मक प्रशिक्षण का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो सकता।

विधायक श्री जैन ने प्रशिक्षण वर्ग में एक समय के भोजन हेतु घर के टिफिन की अभिनव व्यवस्था को भारतीय पारिवारिक संस्कृति और संगठनात्मक आत्मीयता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पहल केवल भोजन व्यवस्था तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच एकात्म भाव, सहयोग और अपनत्व को और अधिक मजबूत करेगी।

» न्यूज कैप्सूल »

## 23 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन किया, इलाज के दौरान मौत



**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के समीपस्थ ग्राम मोहगांव में अज्ञात कारणो के चलते 23 वर्षीय युवक ने बीती रात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। मृतक शिवनारायण पिता दिनेश कहार निवासी मोहगांव 23 के पिता ने बताया कि रात करीब 10 बजे हम लोग घर पर भोजन करके सोए हुए थे। तभी शिवनारायण की अचानक तबियत बिगड़ी तो उसे लेकर शासकीय सिविल अस्पताल पिपरिया आए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हम लोग शिव नारायण को लेकर होशंगाबाद जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। स्टेशन रोड पुलिस थाने के जांच अधिकारी प्रधान आरक्षक नंदकिशोर ने अस्पताल के मेमो के आधार पर मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। शब का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## गुमनाम नायक पुरस्कार से सम्मानित हुए निरंजन

**पिपरिया (ब्यूरो)।** भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में आयोजित भव्य समारोह में अंर्तराष्ट्रीय संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा गुमनाम नायक पुरस्कार से नगर के निरंजन वैष्णव को सम्मानित किया गया। यह सम्मान संस्था के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी के 70 वें जन्मदिवस एवं संस्था की 45वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा एवं जनहित के कार्य कर रहे चुनिंदा लोगों को गुमनाम नायक अवार्डश् से सम्मानित किया गया। यह राज्य स्तरीय सम्मान उन व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाता है। जो समाज सेवा, युवा जागरूकता, शिक्षा, राष्ट्र निर्माण एवं विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहे हैं। पूरे प्रदेश से लगभग छह लोगों का चयन इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए किया गया। कार्यक्रम में भोपाल शहर के बुद्धिजीवी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ताओं, संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मान हेतु चयन प्रक्रिया संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों के पैनल द्वारा की गई।

## गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा, भगवानों की दिव्य आगवानी से गूंजा सिंग्रामपुर

**दमोह (ब्यूरो)।** गुरुवार का दिन सिंग्रामपुर के लिए अत्यंत शुभ और ऐतिहासिक बन गया, जब नए जैन मंदिर में स्थापित होने वाली भगवानों की प्रतिमाएं जयपुर से पहुंचीं। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा भगवान मुनिसोब्रतनाथ, भगवान आदिनाथ, भगवान महावीर, पदमप्रभु, पुष्पदंत तथा भरत-बाहुबली की भव्य और दिव्य आगवानी गाजे-बाजे और डीजे की धुन के साथ की गई।

नगर भ्रमण में दिखी आस्था की अद्भुत छटा भगवान की प्रतिमाओं को सुसज्जित रथ में विराजमान कर पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने घर-घर रंगोली सजाकर, पुष्पवर्षा कर और आरती उतारकर भगवान का स्वागत किया। यह शोभायात्रा रानी दुर्गावती तिराहा, पोड़ी तिराहा और बड़ा मंदिर होते हुए नए जैन मंदिर पहुंची।

ब्रह्मचारी संजय भैया के सानिध्य में सम्पन्न आयोजन पूरा कार्यक्रम ब्रह्मचारी संजय भैया (मुरैना) के सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और अनुषासन के साथ आयोजन को सफल बनाया।

नई बेदी पर होगा प्रतिमा प्रतिश्ठा महोत्सव- ज्ञात हो कि नए जैन मंदिर में 108 मुनि सुधा सागर महाराज के आशीर्वाद से नई बेदी का निर्माण किया गया है, जिस पर इन प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। प्रतिमाओं का निर्माण जयपुर में विशेष शिल्पकारों द्वारा किया गया है। भजन-आरती से गूंजा मंदिर परिसर- मंदिर प्रांगण पहुंचने के बाद विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम को भजन संध्या और महाआरती के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# मिट्टी के लाल अमजद अली को ट्रेनिंग पर रवाना होने से पहले मिला जनआशीर्वाद



**दमोह (ब्यूरो)।** किसी भी गांव और क्षेत्र के लिए इससे बड़ा गौरव का क्षण नहीं हो सकता, जब वहां का एक युवा देश सेवा के लिए सेना की वर्दी पहनने की ओर कदम बढ़ाए। ऐसा ही गौरवान्वित पल उस समय देखने को मिला जब तेजगढ़ क्षेत्र के होनहार युवा अमजद अली के टेरिटोरियल आर्मी में चयन होने पर ट्रेनिंग के लिए रवाना होने से पहले सम्मान एवं शुभकामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अमजद अली का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनका सम्मान किया। पूरे माहौल में गर्व, उत्साह और भावुकता साफ दिखाई दे रही थी। हर किसी की जुबान पर यही बात थी कि गांव का बेटा अब देश की सेवा करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अरविन्द सिंह लोधी ने कहा कि आज के समय में युवाओं का सेना और सुरक्षा सेवाओं की ओर बढ़ना समाज और देश के लिए बेहद सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि अमजद अली ने मेहनत, अनुशासन और संघर्ष के दम पर यह मुकाम हासिल किया है, जो क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। इस अवसर पर महेन्द्र दीक्षित ने कहा कि छोटे गांवों और कस्बों में रहने वाले युवाओं के सपने भी बड़े होते हैं। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो सफ्लता जरूर मिलती है। अमजद अली ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। मनोहर सिंह लोधी ने कहा कि अमजद अली का चयन केवल उनके परिवार की नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की उपलब्धि है। जब गांव का कोई बेटा सेना में जाता है तो पूरे समाज का सम्मान बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अमजद की सफ्लता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी और क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करेगी। हाल ही में दीपेश झारिया पिता संतोष झारिया का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में हुआ था, वहीं विकास सिंह पिता झाम सिंह का चयन अग्निवीर के रूप में हुआ। अब अमजद अली के टेरिटोरियल आर्मी में चयन ने क्षेत्र के युवाओं में नया जोश और प्रेरणा भर दी है। ग्रामीणों ने कहा कि यह समय क्षेत्र के लिए गर्व का है, जहां गांव के युवा लगातार सेना और सुरक्षा सेवाओं में चयनित होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। गणमान्य नागरिकों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर पूर्व सरपंच फ्रमान खान गुड्डू, भोजराज कोष्टि, हरिश्चन्द्र नामदेव, साबिर, दर्शन, राजा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने अमजद अली को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफ्ल प्रशिक्षण की कामना की। संचालन गौरी शोएब पठान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं नागरिकों ने अमजद अली का सम्मान कर उन्हें देश सेवा के इस नए सफ्र के लिए शुभाशीष प्रदान किया।

# बेरशेबा इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम अब्बल रहा




**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के पचमढ़ी रोड स्थित बेरशेबा इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। सीबीएसई केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल नई दिल्ली द्वारा कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बेरशेबा इंटरनेशनल स्कूल ने विगत वर्षो की तरह इस वर्ष 2025.26 में भी नगर व जिले में अपनी छवि को बरकरार रखा और कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम शीर्ष पर रहा। शिक्षण सत्र 2025.26 में कक्षा बारहवीं में कुल 80 विद्यार्थियो में से 55 विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी में उर्तीण किया। विद्यालय में कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय में कुल 54 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये जिनमें हर्षिता हेमानी 93.6प्रतिशत ,पावनी पुरोहित 89.2प्रतिशत,खुशी रघुवंशी 85.4प्रतिशत , चंचल हेमानी 84.2प्रतिशत , रितिका पटेल 84प्रतिशत रहे। विद्यालय में कक्षा बारहवी विज्ञान संकाय में कुल 26 विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये जिनमें प्रयांश पटेल 84.6प्रतिशत , रितिक रघुवंशी 83.4प्रतिशत , साहिल रघुवंशी 81.4प्रतिशत , हर्ष शर्मा 78प्रतिशत ,शिवांशु गुप्ता 77प्रतिशत रहे। सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों की सफलता पर संस्था संचालक शाजी वर्गीस,वरिष्ठ प्राचार्या श्रीमति सुनी वर्गीस,प्राचार्या श्रीमति निशीथिका सिंह सहित समस्त बेरशेबा स्टाफ्ने बच्चों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई एवं शुभकामनाये दी साथ ही विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

# एसडीईआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद 26 घंटे में युवक के शव को तालाब से निकाला






**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के नजदीकी ग्राम झिरिया के तालाब में नहाने के दौरान एक युवक डूब गया वहीं दूसरे युवक ने तैरकर अपनी जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पचमढ़ी निवासी दो युवक अपनी ससुराल ग्राम झिरिया आए हुए थे। दोनों युवक बुधवार को सुबह करीब 6 बजे झिरिया स्थित तालाब में नहाने गए। जिसमें एक युवक विजय पिता सुरेश भारती 25 वर्ष निवासी पचमढी गहरे पानी में चला गया। वही शौंच के लिए आए दिनेश ने युवको को तालाब में डूबते हुए देखा तो उसने तालाब में कूंदकर शंकर पिता फागू लाल भारती 25 वर्ष को बाहर निकाला। जब तक वह दूसरे युवक को बचा पाता तब तक काफी देर हो चुकी थी दूसरा युवक ज्यादा गहरे पानी में चला गया और डूब गया। मामले की सूचना मिलते ही स्टेशन रोड पुलिस के एएसआई पंकज नामदेव,आरक्षक दीपक पारासर व 112 डायल ने मौके पर पहुंचकर तालाब में गोताखोरों की मदद से करीब पांच घंटे तक युवक की तलाश की लेकिन नहीं मिलने पर नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से एसडीईआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा। एसडीईआरएफ की टीम बुधवार को लगभग दो बजे मौके पर पहुंची और गुरूवार को सुबह 8 बजे करीब 26 घंटे की कडी मशक्कत के बाद तालाब से युवक के शब को निकाला गया। मौके पर स्टेशन रोड पुलिस,नायब तहसीलदार नीरज सिंह सहित एसडीईआरएफ शिवराज चौधरी प्लाटून कमांडर ,नगर सैनिक खडगराम सहित उनकी टीम मौजूद रही । स्टेशन रोड पुलिस थाने के एएसआई पंकज नामदेव ने बताया कि एसडीईआरएफ की टीम व पुलिस बल की मौजूदगी में करीब 26 घंटे बाद विजय पिता सुरेश भारती 25 वर्ष निवासी पचमढी का शब तालाब से निकालकर पंचनामा कार्यवाही कर शब का अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनो के सुर्पद किया। वही मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

# विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान विवाद



### रात 1. 30 बजे युवकों पर जाति सूचक शब्दों और पिस्तौल लहराकर धमकाने का आरोप

### घटना के सीसीटीवी फुटेज आए सामने

**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के इतवारा बाजार में चल रहे विधायक कप टूर्नामेंट के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा की एक पक्ष ने रात्रि करीब 1.30 बजे घर में घुसकर जाति सूचक शब्द सहित पिस्तौल लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। नगर पालिका सफाई कर्मचारी विनय बाल्मिक ने जिसकी रिपोर्ट स्टेशन रोड पुलिस थाने में की है। फरियादी ने पुलिस थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि रात करीब 11. 30 बजे इतवारा बाजार में विधायक क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन चल रहा था इस दौरान शेखर रघुवंशी और नितेश रघुवंशी वहां पहुंचे और अपनी कार स्टेज के सामने लगा दी। स्टेज के सामने से गाड़ी हटाने को लेकर विवाद बढ़ गया और नितेश रघुवंशी,शेखर रघुवंशी और धनंजय तीनों आरोपियों ने रात करीब 1.30 बजे घर पहुंच कर तीनों ने अश्लील गालियां देते हुए धमकाया। वही शेखर रघुवंशी ने पिस्तौल से हवाई फायर भी किया जिसका वीडियो घर में लगे सीसीटीवी टीवी में कैद हो गया। स्टेशन रोड पुलिस के उनि अमित सिह भारद्वाज ने बताया कि फरियादी विनय पिता पप्पू बाल्मिक 27 साल निवासी बाल्मिक कालोनी की रिपोर्ट पर आरोपी शेखर रघुवंशी ग्राम मोकलवाडा, नीतेश रघुवंशी निवासी राजीव गांधी वार्ड पिपरिया, धनंजय ठाकुर निवासी लोहिया वार्ड पिपरिया के खिलाफ धारा 296 बी,115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस,3(1)द,3(1)ध, 3(2), व्ही,एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हो गया है।

# भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हिट एंड रन हत्या मामले में दो गिरफ्तार तीसरा फरार

**दमोह (ब्यूरो)।** दमोह सागर रोड पर नर्सरी के सामने मंगलवार शाम भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजपूत की स्कॉर्पियो से कुचलकर हिट एंड रन हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है वही तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। बुधवार को दोपहर में दो आरोपियों के सरेंडर करने की खबर सामने आई थी वही शाम को एसपी आनंद कलादगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दो आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए घटनाक्रम को लेकर खुलासा किया। मामले में गिरफ्तार आरोपी तथा मृतक एक ही गांव वरमासा के निवासी के निवासी है तथा इनके बीच मे लंबे समय से पारिवारिक रंजिश विवाद चल रहा था। जिसकी परिणीति स्वरूप मंगलवार को स्कॉर्पियो गाड़ी से कुचलकर देवेंद्र सिंह राजपूत की नृशंष हत्या कर दी गई थी। इधर इस सनसनी खेज घटनाक्रम को लेकर जारी पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार गाडी से कुचलकर देवेंद्र सिंह राजपूत पिता गजराज सिंह उम्र 42 साल नि. ग्राम बरमासार थाना दमोह देहात की हत्या के प्रकरण अप. क्र.-292/26 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस.का 24 घंटे की अवधि में खुलासा कर दिया गया है। मामले में बरमासा निवासी दुर्गेश सिंह राजपूत के दोनों पुत्र आरोपी वैभव सिंह 27 वर्ष एवं विशाल सिंह राजपूत 25 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि तीसरा आरोपी अभिषेक सिंह राजपूत पिता नरेश सिंह तीनों नि. ग्राम बरमासा थाना दमोह देहात फ्लिहाल फ्रार है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त स्कोर्पियो वाहन एमपी04 एसजे 0999 को कल ही जप्त कर लिया था। दिनांक 12/05/2026 को सागर दमोह रोड पर आरोपीयान द्वारा एक राय होकर हत्या करने की नियत से स्कोर्पियो क्रं. एमपी-04-एसजे-0999 से मोटर साईकिल में टक्कर मारकर, कुचलकर देवेन्द्र सिंह राजपूत पिता गजराज सिंह राजपूत उम्र 42 साल निवासी ग्राम बरमासा थाना दमोह देहात की हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी। थाना दमोह देहात में उक्त सूचना पर प्रकरण पंजीबद्ध कर टीम गठित कर आरोपियान की गिरफ्तारी एवं वाहन स्कोर्पियो क्रं. एमपी-04-एसजे-0999 की जप्ती की गयी एफ्एसएल टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय, के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व में टीम द्वारा घटना का खुलासा कर गिरफ्तारी कर 24 घंटे में खुलासा किया गया।आरोपियान द्वारा पूर्व रंजिश पर से घटना को अंजाम दिया गया था। फ्रार आरोपी अभिषेक सिंह राजपूत कि गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। पुलिस टीम - निरी. अमित गौतम, उप निरी. विक्रम सिंह दांगी, उप निरी. रोहित द्वेदी, सउनि रमाशंकर मिश्रा, सउनि अकरम खान द्वारा मेहनत कर आरोपियान की गिरफ्तारी कर 24 घंटे में घटना का खुलासा किया गया।

# म.प्र. अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा



**पिपरिया (ब्यूरो)।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ के बैनरतले जिलाध्यक्ष रविशंकर ने एसडीएम के नाम नायाब तहसीलदार नीरज सिंह को ज्ञापन सौपकर अपराधियो के खिलाफ कडी कार्यवाही करने को कहा। ज्ञापन माध्यम् से कहा कि कल दिनांक 13मई 2026 को 6 असामाजिक तत्वों जिनमें शेखर रघुवंशी,नीतेश रघुवंशी,धनंजय ठाकुर,नीलू राजपूत,मलखान पटैल उर्फ मल्खू पटैल द्वारा आयोजित विधायक ट्राफी के कार्यक्रम में स्टेट के सामने अपनी कार खड़ी कर दी तो विनय पिता पप्पू बाल्मिक ने कार को हटाने के लिए कहा तो उनके द्वारा मां बहन की गंदी गंदी गालियां देते हुए जाति सूचक शब्दों कहते हुए मेरे गाल पर एक थप्पड़ शेखर रघुवंशी ने मारा उसी समय मोहल्लों के अन्य स्वजातीय लोग आने से उक्त लोग चले गए । दो घंटे बाद ही उक्त सभी लोग पुनः हमारे बाल्मिक मोहल्ले में आए और मुझे एवं अन्य बाल्मिक लोगों को बुला कर गाली गलौच करते हुए नीच जाति के मेहतर, भंग्गी कहते हुए पिस्तोल निकाल कर हमारे ऊपर तान दी और जान से मारने की धमकी देते हुए 3 हवाई फायर पिस्तोल से किए। हम सभी मोहल्ला वाले काफी भयभीत हो गए । उक्त लोगों ने कहा जातिसूचक शब्दो मे कहा हम सवर्णों से कभी उलझे तो जान से उड़ा देगें। हमारे बाल्मिक मोहल्ले में आकर रिवाल्वर से 3 गोलियां चलाते हुए हम लोगों को गंदी गंदी गालियां देकर धमकाया। उक्त अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाकर उनके विरूद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जावे। जिससे हम बाल्मिक समाज के अपने आपको सुरक्षित महसूस कर से। यदि उक्त लोगों को 5 दिवस में गिरफ तार कर कार्यवाही नहीं की गई तो हम सभी बाल्मिक समाज के कर्मचारी आन्दोलन पर अग्रसर होगें। जिसकी जबाब देही शासन एवं प्रशासन की होगी । इस दौरान जिलाध्यक्ष रविंशंकर, महेन्द्र, दिलीप, नरेन्द्र, दीपक, भरत, सागर, आनंद, जितेन्द्र सहित समस्त बाल्मिक समाज के युवा मौजूद रहे।

# भाजपा जिला कोर कमेटी एवं मासिक जिला बैठक सम्पन्न, कोर कमेटी में केबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार रहें सम्मिलित

### जिला बैठक में प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे एवं जिला प्रभारी अर्चना सिंह ने दिया मार्गदर्शन




**दमोह (ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह की जिला कोर कमेटी एवं मासिक जिला बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय, दमोह में आयोजित की गई। जिले की कोर कमेटी की बैठक में दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार, प्रदेश महामंत्री महामंत्री एवं संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे, जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह, जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह, राज्यमंत्री लखन पटेल, विधायक जयंत मलैया, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मंत्री राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल, विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी की उपस्थिति बैठक में रही। कोर कमेटी बैठक में जिले से संबंधित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। जिला बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे तथा जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह उपस्थित रहीं। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे, जिला प्रभारी श्रीमती अर्चना सिंह, जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा गोपाल पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राम पटेल, संभाग प्रभारी सोशल मीडिया अंशुल परिहार, जिला महामंत्री अरुण तिवारी, रामेश्वर चौधरी एवं महेश पटेल जी उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे जी ने कहा कि संगठन की मंशा के अनुरूप अब सभी जिला पदाधिकारी गण एवं मंडल प्रभारी अपने-अपने मंडलों में नियमित प्रवास करेंगे। मंडल स्तर, बूथ स्तर एवं जिला स्तर पर मासिक बैठकों का आयोजन निरंतर किया जाएगा, जिससे संगठन और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बने। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के समस्त जिला पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष गण, मंडल प्रभारी एवं विभिन्न मोर्चों के जिला अध्यक्ष गणों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

## ब्रीफ न्यूज

### सहकारिता मंत्री सारंग ने चांदबड़ में किया संपर्क अभियान 2026 का शुभारंभ

**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने संपर्क अभियान 2026 के तहत चांदबड़ में आयोजित विद्यु शिकायत निवारण शिविर का शुभारंभ किया और श्रीमती राजकुमारी कुशवाहा को नये कनेक्शन के लिए प्रमाण पत्र वितरित किया। चांदबड़ शिविर में श्रीमती रीना बाई और श्रीमती अनीता को नवीन विद्युत कनेक्शन, श्री नवीन को अस्थायी नवीन कनेक्शन, श्री गुलाबसिंह को मौके पर ही %नो ड्यूज% प्रमाण पत्र तथा श्री बंशीराम साहू के विद्युत कनेक्शन के नाम परिवर्तन संबंधी आवेदन को भी त्वरित निराकरण की सेवाएं मिलीं।

सुश्री राजकुमारी कुशवाहा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चांदबड़ जोन के द्वारका नगर में रहती हैं। उन्हें बिजली कंपनी के चांदबड़ में 14 मई को आयोजित शिविर में 4 घंटे के भीतर नया कनेक्शन मिल गया और उनका घर रोशन हो गया। घर रोशन होने से उनका परिवार बिजली कंपनी की सेवाओं की सराहना कर रहा है। सुश्री राजकुमारी कुशवाहा को मिली यह त्वरित राहत न केवल कंपनी की कार्यकुशलता को दर्शाती है, बल्कि इस अभियान की सफलता की एक सकारात्मक शुरुआत है। दरअसल मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 14 मई से एक नई पहल शुरू की है, इसके अंतर्गत समूचे कंपनी कार्यक्षेत्र में 374 संपर्क अभियान शिविर लगाये गये और भोपाल शहर में 27 शिविर लगाये गये।

### उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व : ऊर्जा मंत्री तोमर

**भोपाल।** विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 卐संपर्क अभियान ऱ 2026卐 के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये आयोजित विशेष शिविर का शुभारंभ ग्वालियर के तानसेन नगर जोन के नवीन पार्क स्थित कैंप से किया। शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लेने ऊर्जा मंत्री इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन से पहुंचे। इस शिविर में उपभोक्ताओं की बिलिंग, मीटर, विद्युत कनेक्शन एवं अन्य शिकायतों का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक उपभोक्ता को सरल, सुगम एवं बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध हों।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि लोगों के हित में लगाये जा रहे विद्युत शिविरों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग खुद आपके दरवाजे तक आ रहा है। इसी तरह उन्होंने समाधान योजना का लाभ उठाने की भी लोगों से अपील करते हुए बताया कि यह योजना कल 15 मई तक के लिए और है। अगर उपभोक्ता बकाया राशि एक मुफ्त जमा नहीं कर सकते हैं, तो वह किस्तों में भी बकाया राशि का भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनावी योजना नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रतिनिधि के रूप में इस सेवक ने इस योजना की शुरुआत की है, ताकि आपको लाभ मिल सके। ऊर्जा मंत्री ने लोगों से बिजली का बिल भरने की अपील करते हुए कहा अगर घर में आटा नहीं है, तो रोटी कैसे बनेगी, आटे के लिए पैसा तो खर्च करना ही पड़ेगा ना।

### मासूम अयांश को मिली नई जिंदगी की उम्मीद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार गंभीर बीमारियों से पी?तों को पीएमश्री एम्बुलेंस योजना से तत्परतापूर्वक उन्नत स्वास्थ्य संस्थानों में भेजकर नवजीवन प्रदान किया जा रहा है। बालाघाट जिले के चार माह के मासूम अयांश मसराम पीएमश्री एयर एम्बुलेंस योजना से नई जिंदगी की उम्मीद मिली है। कटंगी विकासखंड के ग्राम देवरी बुजुर्ग निवासी अयांश को बालाघाट में आयोजित विशेष शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा तत्काल सर्जरी की आवश्यकता बताए जाने पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई कर एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की। गंभीर हृदय रोग से पीडति अयांश का उपचार एवं आवश्यक सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क होगी। मासूम अयांश को गुरुवार सुबह जिला चिकित्सालय बालाघाट से एम्बुलेंस द्वारा महाराष्ट्र के गोंदिया जिले स्थित बिरसी एयरपोर्ट पहुंचाया गया। वहां से प्रातः 10 बजे पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से मुंबई के नारायण हृदयालय के लिए एयरलिफ्ट किया गया। बीते दो दिनों से जिला अस्पताल के पीआईसीयू में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में अयांश का उपचार किया जा रहा था। अयांश के परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की संवेदनशील पहल ने उनके बच्चे को नया जीवन मिलने की उम्मीद दी है।

# सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे, डिजिटल तकनीक से मध्यप्रदेश में अधोसंरचना विकास को मिल रही नई गति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रधानमंत्री श्री मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर रहा मध्यप्रदेश**

**लोक निर्माण विभाग ने समग्र रोड नेटवर्क मास्टर प्लान किया तैयार**

**जीआईएस आधारित लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल ऐप किया गया विकसित**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आज अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में तेजी से एक नई पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 卐विकसित भारत卐 की परिकल्पना को मध्यप्रदेश साकार कर रहा है। प्रदेश में अभूतपूर्व गति से सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे और आधुनिक सार्वजनिक अधोसंरचना निर्माण हो रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 卐लोक निर्माण से लोक कल्याण卐 को अपना मूल मंत्र बनाकर विकास को सीधे जनता की सुविधा, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समृद्धि से जोड़ा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मजबूत अधोसंरचना किसी भी विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता होती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में सड़क, रेलवे, एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक नेटवर्क और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का व्यापक विस्तार हुआ है। प्रदेश में सड़क संपर्क, शहरी यातायात, औद्योगिक कनेक्टिविटी और ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

### वैज्ञानिक तरीके से तैयार हो रहा सड़क नेटवर्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश के सड़क नेटवर्क को अधिक वैज्ञानिक, व्यवस्थित और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सड़क श्रेणियों के पुनर्गठन तथा रोड नेटवर्क रैशनलाइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिससे सड़क निर्माण और रखरखाव की प्राथमिकताएँ अधिक स्पष्ट हुई हैं। विभाग द्वारा 卐लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल ऐप卐 विकसित किया गया है। यह ऐप ळढ्ढस्-आधारित तकनीक पर कार्य करता है और इसके माध्यम से प्रदेश में 71 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों, लगभग 3 हजार भवनों तथा 1400 से अधिक पुलों का विस्तृत सर्वेक्षण किया जा चुका है। इस सर्वेक्षण से विभाग को अधोसंरचना की वास्तविक स्थिति का डिजिटल डेटा प्राप्त हुआ है, जिसके आधार पर योजनाएँ अधिक सटीक और व्यावहारिक तरीके से तैयार की जा रही हैं।



### रोड नेटवर्क मास्टर प्लान से बेहतर कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने समग्र रोड नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार किया है। मास्टर प्लान के अंतर्गत शहरों के लिए बायपास मार्ग, औद्योगिक क्षेत्रों के लिए बेहतर सड़क संपर्क, जिला मुख्यालयों के बीच तेज कनेक्टिविटी तथा यातायात दबाव कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही यात्रा दूरी और समय कम करने के उद्देश्य से 6 नए ग्रीनफील्ड सड़क मार्गों की पहचान की गई है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के औद्योगिक, कृषि एवं पर्यटन क्षेत्रों को नई गति मिलने की संभावना है।

### जीआईएस आधारित डिजिटल बजट प्रणाली से बढ़ी पारदर्शिता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था के अनुरूप लोक निर्माण विभाग ने जीआईएस आधारित बजट मॉड्यूल लागू किया है। इस प्रणाली से प्रत्येक सड़क प्रस्ताव को डिजिटल नक्शे पर दर्ज किया जाता है। इससे यह तुरंत स्पष्ट हो जाता है कि संबंधित सड़क पहले से किसी अन्य योजना में शामिल है या नहीं। इस व्यवस्था ने योजनाओं में दोहराव को समाप्त करने के साथ विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया है।

### लोकपथ 2.0 : नागरिकों के लिए स्मार्ट ट्रैवल सुविधा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित लोकपथ ऐप को अब उन्नत स्वरूप में लोकपथ 2.0 के रूप में विकसित किया गया है। यह ऐप नागरिकों के लिए स्मार्ट ट्रैवल गाइड की तरह कार्य कर रहा है। इस ऐप में रूट प्लानर, टोल जानकारी, अस्पताल एवं पेट्रोल पंप की लोकेशन, एसओएस सुविधा और सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों की चेतावनी जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। ऐप ब्लैक स्पॉट से लगभग 500 मीटर पहले अलर्ट जारी करता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहायता मिल रही है।

### गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था, 25 ठेकेदार किये गये ब्लैक लिस्टेड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की है। इसके अंतर्गत 875 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर 25 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया गया तथा कई मामलों में दंडात्मक कार्रवाई भी की गई। इसके अतिरिक्त प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (क्करूस्-2.0) लागू किया जा रहा है। इससे योजना निर्माण से लेकर भुगतान तक की संपूर्ण प्रक्रिया डिजिटल रूप से मॉनिटर की जा रही है।

### पर्यावरण संरक्षण के साथ अधोसंरचना विकास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान खुदाई से निर्मित गड्ढों को 卐लोक कल्याण सरोवर卐 के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक 506 सरोवर तैयार किए जा चुके हैं और 600 नए सरोवर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सड़क किनारे भूजल रिचार्ज व्यवस्था, फ्लाई-ओवर पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग तथा ग्रीन बिल्डिंग निर्माण जैसे नवाचारों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय भवनों को ऊर्जा दक्ष, पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

### तेजी से आगे बढ़ रहा सड़क और पुल निर्माण कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण कार्यों को अभूतपूर्व गति मिली है। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 77 हजार किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क विकसित किया जा चुका है।

# नर्मदा मिशन परिवार द्वारा रवीन्द्र भवन भोपाल में नर्मदा चिंतन बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन आज, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संग दादागुरू होंगे शामिल

**भोपाल।** नर्मदा मिशन परिवार द्वारा आज शाम 5 बजे से रवीन्द्र भवन, भोपाल में नर्मदा चिंतन बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादागुरु भगवान की उपस्थिति में किया जा रहा है, जो पिछले 2000 दिनों से अखंड निराहार साधना में लीन हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, मप्र जनअभियान परिषद के उपाध्याय पद्मश्री मोहन नागर एवं पर्यावरण संरक्षक गतिविधि के अखिल भारतीय संयोजक गोपाल आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक एवं पूर्व कुलपति डॉ रविशंकर शर्मा 'अवधूत सिद्ध महायोगी पूज्य दादागुरु भगवान ऱ चिकित्सा विज्ञान के लिए चुनौति' विषय पर अपनी बात रखेंगे।




संगोष्ठी में प्रकृति एवं संस्कृति पर केन्द्रित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैश्विक संकट, चुनौतियां और प्रकृति–प्रधान भारतीय सनातन संस्कृति पर विशेष चिंतन होगा। यह संगोष्ठी माँ नर्मदा, धर्म, धरा, धेनु, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति समर्पित है।

आयोजन में मप्र जन अभियान परिषद सहयोगी संस्थान के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री कार्यालय ने अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम ठाकुर को दिया कारण बताओ नोटिस

भोपाल। मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सौभाग्य सिंह ठाकुर को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पेट्रोल-डीजल बचत संबंधी अपील के बावजूद विशाल वाहन रैली निकालने का आरोप है। इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव द्वारा जारी पत्र के अनुसार, सोशल मीडिया एवं मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से यह जानकारी संज्ञान में आई कि श्री ठाकुर ने हाल ही में पदभार ग्रहण करते समय 200 से भी अधिक वाहनों की विशाल रैली का आयोजन किया।

# लघु उद्योग निगम के क्रियाकलापों को व्यापक स्वरूप देकर व्यवसाय और मुनाफा बढ़ाएं: मंत्री काश्यप

**एमएसएमई मंत्री काश्यप और लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष श्री सिंह ने की समीक्षा**



**भोपाल।** एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि लघु उद्योग निगम के क्रियाकलापों को मौजूदा बाजार और आनलाइन प्लेटफार्म के जरिए व्यापक स्वरूप देकर व्यवसाय बढ़ाना चाहिए।मंत्री श्री काश्यप और निगम के अध्यक्ष श्री सत्येंद्र भूषण सिंह गुरुवार को पंचानन भवन स्थित सभागार में निगम के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे ।बैठक में प्रबंध संचालक और एमएसएमई विभाग के सचिव श्री दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे

मंत्री श्री काश्यप ने संतोष व्यक्त किया कि विगत दस वर्षों से निगम घाटे में नहीं रहा है और हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को 8 करो? का लाभांश भी सौंपा है।उन्होंने प्रबंधकों सहित अन्य रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही भी समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं।बैठक में बताया गया कि निगम ने अपने 8 एम्पोरियम, कोयला व्यवसाय, कच्चा माल, संपदा एवं निर्माण और टेस्टिंग लैब जैसी सभी गतिविधियों में लाभ अर्जित किया है।बैठक में निगम के कुल व्यवसाय और कार्य परिणाम पर भी विमर्श किया गया।

बैठक में 36 औद्योगिक क्षेत्रों के नवीन कार्य और 17 केंदों के उन्नयन,20 जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रों के विकास कार्यों और गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बहुमंजिला इंडस्ट्री पार्क के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गईं ।

### फर्जी विश्वविद्यालयों से सावधान रहें विद्यार्थी

**छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए उच्च शिक्षा विभाग और यूजीसी का संयुक्त जागरूकता अभियान**

**भोपाल।** फर्जी विश्वविद्यालयों और अवैध शिक्षण संस्थानों के जाल से विद्यार्थियों को बचाने के लिए मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के तहत व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों, शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। यूजीसी ने वर्तमान प्रवेश सत्र को देखते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। आयोग के अनुसार कुछ संस्थान स्वयं को विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षण संस्थान बताकर छात्रों को आकर्षक विज्ञापनों और भ्रामक दावों के माध्यम से भ्रमित कर रहे हैं। ऐसे संस्थानों द्वारा प्रदान की गई डिग्रियां न तो उच्च शिक्षा के लिए मान्य होंगी और न ही रोजगार के लिए उपयोगी होंगी।

# बीएचईएल भोपाल में यूनियनों ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**वेतनमान, बोनस, कैंटीन और चिकित्सा सुविधाओं सहित कई मुद्दों पर जल्द जेसीएम बैठक बुलाने की मांग**

**भोपाल।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की भोपाल इकाई में गुरुवार को जेसीएम पात्रधारी एवं मान्यता प्राप्त यूनियनों—हेवू भारतीय मजदूर संघ, हेस्टू (HMS) और भेक्टु (CITU)—के प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक (मानव संसाधन) टी. यू. सिंह से मुलाकात कर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में हेवू भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कमलेश नागपुरे, हेस्टू (HMS) के महासचिव हेमंत सिंह और भेक्टु (CIT) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सादिक खान सहित विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी शामिल रहे। यूनियनों ने नव नियुक्त आर्टिजन कर्मचारियों को समेकित वेतन के स्थान पर संशोधित वेतनमान-3 ग्रेड 29,500 प्लस डीए दिए जाने की प्रमुख मांग उठाई।



बैठक में कर्मचारियों के हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें सेफ्टी शूज़ की शेष राशि अथवा सेफ्टी गिफ्ट, कार्यस्थलों पर डेजर्ट कूलर और रेस्ट रूम की व्यवस्था, रविवार को किए गए अतिरिक्त कार्य का नगद भुगतान, इंसेंटिव एवं रिवॉर्ड स्कीम में सुधार, चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार, आश्रितों के हितों की सुरक्षा, अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन लाभ और भर्ती प्रक्रिया में सुधार जैसी मांगें शामिल रहीं।

यूनियनों ने कैंटीन सुविधाओं को आधुनिक बनाने की मांग भी रखी। इसमें कैंटीन को सेंट्रलाइज्ड एसी युक्त करने, नई रोटी मशीन लगाने, प्रशिक्षित कुक की भर्ती और आधुनिक किचिन विकसित करने का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा कर्मचारियों को पीपी बोनस ?60 हजार देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

महाप्रबंधक (मानव संसाधन) टी. यू. सिंह ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द जेसीएम बैठक बुलाकर मांगों पर निर्णय लेने की मांग की है।

# एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय की छात्रा भारती पाटीदार मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित



**भोपाल।** भोपाल रानी दुलैया स्मृति आयुर्वेद पीजी कॉलेज एवं चिकित्सालय एवं नीमा स्टूडेंट फोरम सेंट्रल काउंसिल के तत्वावधान में बीएएमएस सत्र 2020–21 अंतिम वर्ष के मेधावी छात्र–छात्राओं हेतु भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम उन छात्रों के कठिन परिश्रम और समर्पण को समर्पित था जिन्होंने आयुर्वेद शिक्षा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस समारोह में मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतिम वर्ष के प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के साथ–साथ प्रत्येक आयुर्वेद महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र भगवान दास सबनानी विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंत सिंह चौहान अध्यक्ष रानी दुलैया आयुर्वेद महाविद्यालय, डॉ उमेश शुक्ला प्राचार्य पं खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय डॉ सपन जैन प्राचार्य एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय, डॉ विशाल शिवहरे निर्देशक एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय, डॉ हरेंद्र सिंह भदौरिया अध्यक्ष विद्यार्थी परिषद नीमा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय की छात्रा भारती पाटीदार पुत्री अमृतलाल पाटीदार को महाविद्यालय में प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100 रुपए नगद, प्रमाण पत्र, मेडल, स्मृति चिन्ह, स्टडी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। भारती पाटीदार की इस उपलब्धि पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जे एन चौकसे, सचिवअनुपम चौकसे, कार्यकारी निदेशक धर्मेंद्र गुप्ता सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# राज्यमंत्री गौर शुक्रवार को करेंगी 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना' का शुभारंभ, मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया भी होंगे शामिल



**20 जिलों के 4000 ओबीसी युवाओं को सेना और पुलिस भर्ती के लिए मिलेगा 45 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण**

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर शुक्रवार 15 मई 2026 को सुबह 11 बजे %शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना–2026% का शुभारंभ करेंगी। अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया और स्थानीय विधायक श्री भगवानदास सबनानी उपस्थित रहेंगे। भोपाल, रायसेन और नर्मदापुरम जिलों के प्रतिभागी छात्र–छात्राएं भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए ये योजना विभाग द्वारा शुरू की गई है। यह योजना प्रदेश के 20 चयनित जिलों में संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य ओबीसी वर्ग के प्रतिभावान युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस, होमगार्ड और अन्य अर्ध सैनिक बलों की भर्ती परीक्षाओं के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना है। योजना में प्रदेश भर से चयनित 4000 प्रतिभागियों को जिला स्तर पर 45 दिनों का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक जिले में 100–100 के बैच में पुरुष और महिला वर्ग के युवाओं को अलग–अलग केंद्रों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर–462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए–2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल–11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादकः ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोनः 9131883521, ई-मेलः janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**